Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Monday, 15 July 2024 ● Year : 02 ● Issue : 177 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

व्यक्ति को अपने काम में खुशी मिलनी चाहिए। अगर जीवन लक्ष्यहीन है तो यह हमारी आत्मा को भी नष्ट कर सकता है।

–रस्किन बॉन्ड

Ameesha Patel
Had Emraan...

SARAFA

सोना	:	6,930
चांदी	:	99.99

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

घुसपैठ की कोशिश नाकाम तीन आतंकवादी ढेर

KUPWADA : सेना के जवानों ने कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर आज घुसपैठ की कोशिश नाकाम की। इस दौरान आतंकवादियों के खिलाफ जारी अभियान में 3 आतंकवादियों को मार गिराया गया। भारतीय सेना ने बताया, अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और अन्य सामग्री बरामद की गई है। ऑपरेशन जारी है। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियां घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों द्वारा अपनाई गई रणनीति से जूझ रही हैं। यह खतरा उत्तरी कश्मीर और कठुआ जिले में हाल ही में घात लगाकर किये गये हमलों और मुठभेड़ों में स्पष्ट दिख रही है। उसके बाद सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। सोपोर में 26 अप्रैल को हुई मुठभेड़ में शामिल विदेशी आतंकवादी 18 महीने से छिपे हुए थे। जून में इसी प्रकार के अभियानों से छिपे हुए नेटवर्क ध्वस्त हो गए, आतंकवादियों की योजनाओं और क्षमताओं का खुलासा हुआ। और सीमा पार से घुसपैठ के अनदेखे उच्च-स्तरीय पहलू भी सामने आए।

चार बच्चों के साथ कुएं में कूदी महिला, बच्चों की मौत

MANDSAUR : मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में रविवार सुबह एक महिला अपने चार बच्चों के साथ कुएं में कूद गई। इस घटना में चारों बच्चों की डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने महिला को बचा लिया। लोगों से पूछताछ में यह पता चला है कि महिला का अपने पति से किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद महिला ने अपनी दो बालिकाओं और दो बालकों के साथ कुएं में छलांग लगाई। पुलिस के अनुसार घटना गरोठ इलाके के पीपलखेड़ा गांव में रविवार सुबह करीब 6 बजे हुई। यहां पति से झगड़े के बाद महिला ने ये कदम उठाया। बच्चों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए गरोठ के शासकीय अस्पताल ले जाया गया है। गरोठ एएसपी हेमलता कुरील ने बताया कि पीपलखेड़ा गांव की सुगना बाई (40) को उसका पति रोड सिंग बंजारा प्रताड़ित करता था। शनिवार रात को भी सुगना से मारपीट की थी। पति से बचकर महिला रात में चारों बच्चों को लेकर आंगनबाड़ी केंद्र चली गई। रातभर आंगनबाड़ी में रहने के बाद महिला सुबह बच्चों के साथ खेत पर पहुंची और यहां कुएं में छलांग लगा दी।

मोदी के 'एक्स' पर फॉलोअर्स की संख्या पहुंची 10 करोड़

NEW DELHI : दुनियाभर में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फॉलोअर्स की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसका अंदाजा उनके एक्स (पूर्व में ट्विटर) फॉलोअर्स से आप लगा सकते हैं। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक नया रिकॉर्ड बन गया है। दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी के 100 मिलियन यानी 10 करोड़ फॉलोअर्स पूरे हो गए हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले नेता बन गए हैं। पिछले तीन साल में प्रधानमंत्री मोदी के एक्स पर लगभग 30 मिलियन यूजर्स की बढ़ोतरी हुई है।

46 साल बाद फिर खोला गया पुरी के जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार

समिति के सदस्यों ने दोपहर करीब 12 बजे मंदिर में किया प्रवेश, अनुष्ठान के बाद पूरा हुआ खोलने का काम

AGENCY BHUBANESWAR : रविवार को ओडिशा के पुरी में स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार 46 साल फिर से खोला गया। अधिकारियों ने बताया कि आभूषणों, मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने और भंडार गृह की मरम्मत करने के लिए रत्न भंडार को खोला गया है। इसके पहले 1978 में इसे खोला गया था। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के सदस्यों ने दोपहर करीब 12 बजे मंदिर में प्रवेश किया और अनुष्ठान करने के बाद रत्न भंडार पुनः खोला गया। उधर, रत्न भंडार का दूसरा दरवाजा खुलते ही एसपी पिनाक मिश्रा बेहोश हो गए, हालांकि इसका कारण पता नहीं चल सका। डॉक्टर की टीम ने मंदिर परिसर के अंदर ही उनका इलाज किया। वहीं, शाम 5.15 बजे ओडिशा डिजास्टर रैपिड एक्शन फोर्स जगन्नाथ मंदिर से बाहर निकल आई।

मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की भीड़

मंदिर के अंदर समिति के सदस्य

विधानसभा चुनाव में उठाया गया था मुद्दा

ओडिशा में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में रत्न भंडार को पुनः खोलना एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा था। भाजपा ने तत्कालीन सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) पर इसकी खोई हुई चाबियों को लेकर निशाना साधा था और लोगों से वादा किया था कि अगर वह चुनाव जीतती है तो रत्न भंडार को फिर से खोलने का प्रयास करेगी। ओडिशा के मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा गया, भगवान जगन्नाथ की इच्छा पर उड़िया समुदाय ने 'उड़िया अस्मिता' की पहचान के साथ आगे बढ़ने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। इसमें कहा गया, आपकी इच्छा पर ही जगन्नाथ मंदिर के चारों द्वार खोले गए थे। आज आपकी इच्छा पर ही 46 साल बाद रत्न भंडार को एक बड़े उद्देश्य के लिए दोपहर एक बजकर 28 मिनट पर शुभ घड़ी पर खोला गया।

तैयार की जाएगी वस्तुओं की सूची

पाधी ने बताया कि अस्थायी सुरक्षित कमरे की पहचान कर ली गई है और वहां सीसीटीवी कैमरे लगाने सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं। उन्होंने कहा, वस्तुओं की सूची तैयार करने का काम आज शुरू नहीं होगा। यह कार्य मूल्यांकनकर्ताओं, सुनारों और अन्य विशेषज्ञों को नियुक्त किए जाने पर सरकार की मंजूरी मिलने के बाद किया जाएगा। हमारी पहली प्राथमिकता रत्न भंडार की संरचना की मरम्मत करना है। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद कीमती सामान वापस लाया जाएगा और फिर सूची तैयार की जाएगी पाधी ने बताया कि रत्न भंडार के बाहरी कक्ष की तीन चाबियां उपलब्ध थीं।

सागवान की लकड़ी के संदूक

एक अधिकारी ने बताया कि सागवान की लकड़ी से बने ये संदूक 4.5 फुट लंबी, 2.5 फुट ऊंची और 2.5 फुट चौड़ी हैं। इन संदूकों को बनाने वाले एक कारीगर ने बताया, "मंदिर प्रशासन ने 12 जुलाई को हमें ऐसी 15 संदूकें बनाने के लिए कहा था। 48 घंटे की मेहनत के बाद हमने छह संदूक बनाई थीं। सुबह न्यायमूर्ति रथ और पाधी ने गुंडिचा मंदिर में भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहनों की पूजा-अर्चना की थी और इस कार्य के सुचारु रूप से पूरा होने की कामना की थी। भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की प्रतिमाएं फिलहाल गुंडिचा मंदिर में हैं।

बटलर शहर में चुनावी रैली कर रहे थे अमेरिका के पूर्व प्रेसिडेंट

डोनाल्ड ट्रंप पर फायरिंग, कान पर लगी गोली, मारा गया शूटर

AGENCY NEW DELHI : भारतीय समय के अनुसार रविवार की सुबह-सुबह अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर फायरिंग हुई। उनके दाएं कान पर गोली लगी है, लेकिन वो सुरक्षित हैं। उन्हें अस्पताल से छुट्टी भी दी जा चुकी है। घटना भारतीय समय के मुताबिक रविवार सुबह 4 बजे की है। ट्रंप अमेरिका के पेंसिल्वेनिया राज्य के बटलर शहर में चुनावी रैली कर रहे थे। ट्रंप मंच पर आए। उन्होंने बोलना शुरू किया और फायरिंग की आवाज आनी शुरू हुई। चीख-पुकार मचती है, ट्रंप चौंकते हुए दायां हाथ कान पर रखते हैं और झुक जाते हैं। इस बीच सुरक्षा गार्ड घेरा बना लेते हैं। ट्रंप खड़े होते हैं, कान और खून से सने चेहरे के साथ दाईं मुट्ठी भींचते हुए कुछ कहने की कोशिश करते हैं। फिर गार्ड उन्हें घेरे में लेते हुए कार में लेकर निकल जाते हैं।

फायरिंग के दौरान रैली में मौजूद एक व्यक्ति की मौत, 2 गंभीर रूप से घायल




गोली लगने के बाद सुरक्षा घेरा बनाकर ट्रंप को घटनास्थल ले निकालते गार्ड व पूर्व प्रेसिडेंट पर निशाना लगाते हमलावर।

मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं, राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवार, घायलों और अमेरिकी लोगों के साथ हैं।

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री।

गवाह का दावा- हमलावर को एक छत से दूसरी पर जाते देखा

डोनाल्ड ट्रंप की पेनसिल्वेनिया में चुनावी रैली में मौजूद दो प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया है कि उन्होंने हमलावर को देखा था। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बंदूकधारी एक छत से दूसरी छत पर जा रहा था और शायद वह ट्रंप पर गोली चलाने के लिए उपयुक्त स्थान की तलाश में था। ट्रंप पर हुए इस हमले को उनकी सुरक्षा में तैनात सुरक्षा एजेंसियों की घोर लापरवाही के तौर पर देखा जा रहा है। हमलावर के ट्रंप के इतने नजदीक पहुंचना और उन पर हमला करना सुरक्षा एजेंसियों की मुस्तैदी पर सवाल खड़े कर रहा है। अमेरिकी मीडिया की खबर के अनुसार, ट्रंप जिस स्थान से लोगों को संबोधित कर रहे थे वहां (मंच) से हमलावर 200 से 250 गज दूर था।

52 साल बाद राष्ट्रपति उम्मीदवार पर हमला

अमेरिका में 52 साल बाद किसी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पर हमला हुआ है। इससे पहले 1972 में जॉर्ज सी वॉलेस पर गोली चलाई गई थी। वे भी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार थे। उन पर एक शॉपिंगसेंटर में गोली चलाई गई थी। इसके बाद वे मरते दम तक व्हील चेयर पर रहे। इससे पहले 1972 में पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी के भाई रॉबर्ट एफ केनेडी पर हमला हुआ था। वे इलेक्शन कैंपेन लॉस एंजिल्स से लौट रहे थे। अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई ने बताया है कि हमलावर थॉमस मैथ्यू क्रूक्स के वोटर आई कार्ड से पता चला है कि वो ट्रंप की ही रिपब्लिकन पार्टी से था।

मां विंध्यवासिनी के दर्शन करते हेमंत सोरेन व पत्नी कल्पना।

मुख्यमंत्री हेमंत ने किए काशी विश्वनाथ के दर्शन बनारस की गलियों में घूमे

PHOTON NEWS RANCHI : रविवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन के साथ काशी विश्वनाथ बाबा के दर्शन किए। उन्होंने गर्भ गृह में महादेव का विधिवत पूजन और दुग्धाभिषेक किया। हेमंत सोरेन ने काशी विश्वनाथ बाबा से झारखंड प्रदेशवासियों की सुख-शांति की कामना की। इसके बाद वो मां अन्नपूर्णा देवी, काल भैरव बाब के मंदिर भी गए। वाराणसी की गलियों में घूमने के अनुभव को उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी शेयर किया है। सीएम हेमंत सोरेन जेल से छूटने और मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहली बार बनारस पहुंचे थे। वो दिल्ली से वाराणसी पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनका कांग्रेस कार्यकताओं ने स्वागत किया। वाराणसी के अपने दौरे की फोटो को उन्होंने एक्स पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा है कि बनारस की गलियों में दुनिया का सार छिपा है। एक अन्य संदेश में उन्होंने लिखा है कि आज वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ महादेव जी के दर्शन कर राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना की। हर हर महादेव! सीएम हेमंत सोरेन ने काशी के कोतवाल काल भैरव के दर्शन-पूजन किए और आशीर्वाद लिया।

बाबा विश्वनाथ की पूजा-अर्चना करते हेमंत सोरेन।

- मां अन्नपूर्णा देवी, काल भैरव बाबा के मंदिर भी गए
- झारखंडवासियों के लिए की सुख-शांति की कामना

मां विंध्यवासिनी धाम भी पहुंचे

हेमंत सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन और विधायक अविनाश कुमार के साथ वाराणसी से मिजार्पुर भी गए। वहां उन्होंने मां विंध्यवासिनी के दर्शन पूजन किए। उन्होंने विंध्यवासिनी माई के दर्शन की फोटो शेयर करते हुए लिखा है कि श्री राज राजेश्वरी मां विंध्यवासिनी धाम में आदि महाशक्ति मां भगवती विंध्यवासिनी के दर्शन कर राज्यवासियों के स्वस्थ और सुखमय जीवन की कामना की।

तीन घंटे से अधिक समय तक मैतेई गांव व सुरक्षाकर्मियों को बनाया निशाना

कुकी उग्रवादियों के हमले में एक जवान शहीद

AGENCY IMPHAL : रविवार को मणिपुर के जिरीबाम में कुकी उग्रवादियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल पर हमला कर दिया। इसमें सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) का एक जवान शहीद हो गया। साथ ही सीआरपीएफ का एक अन्य जवान और 2 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने शहीद जवान की पहचान अजय कुमार झा के रूप में की है। सभी घायल कर्मियों का इलाज जिरीबाम अस्पताल में किया गया। सेइजांग कुकी गांव में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने तीन घंटे से अधिक समय तक मैतेई गांव और सुरक्षा कर्मियों को निशाना बनाया।

एक अन्य जवान और दो पुलिसकर्मी जख्मी, अस्पताल में किए गए भर्ती

मोदी अपनी दुनिया में मस्त : कांग्रेस

मणिपुर की हिंसा को लेकर कांग्रेस ने दुख जताया है। पार्टी की ओर से एक्स पर पोस्ट जारी की गई। इसमें लिखा, '1 साल से ज्यादा हो गए, मणिपुर आज भी हिंसा की आग में झुलस रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इससे फर्क नहीं पड़ता। वो अपनी दुनिया में मस्त हैं।

उग्रवादियों की तलाश

पुलिस ने कहा कि सीआरपीएफ कर्मी के सिर पर उस समय गोली मारी गई, जब वह वाहन चला रहा था। जिरीबाम के एक निवासी ने कहा, 'जिस सटीकता से हमले किए गए, उससे पता चलता है कि आतंकवादी अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल कर रहे थे।' यह 5वीं बार था जब उसी क्षेत्र से हमले किए गए और क्षेत्र की खोज के प्रयासों को कुकी महिलाओं ने रोक दिया। संयुक्त टीम ने सीआरपीएफ और पुलिस जवानों पर हमला करने वाले उग्रवादियों की तलाश शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने हमले की निंदा की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

एनकाउंटर में मारा गया तमिलनाडु बसपा चीफ के मर्डर का आरोपी

CHENNAI : तमिलनाडु में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) चीफ के आर्मस्ट्रांग की हत्या के एक मुख्य आरोपी की रविवार सुबह पुलिस एनकाउंटर में मौत हो गई। 30 साल के आरोपी का नाम के तिरुवेंगदम था। वह आर्मस्ट्रांग मर्डर केस में गिरफ्तार 11 संदिग्धों में शामिल था। पुलिस ने बताया कि आरोपी तिरुवेंगदम ने आज सुबह पुलिस कस्टडी से भागने की कोशिश की। उसने एक पुलिसकर्मी पर हमला भी किया। इस दौरान एक पुलिस ऑफिसर ने उस पर गोली चलाई। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। हिस्ट्रीशीटर तिरुवेंगदम पर पहले से कई क्रिमिनल केस दर्ज हैं। बसपा चीफ आर्मस्ट्रांग की 5 जुलाई को चेन्नई में उनके घर के सामने हत्या कर दी गई थी। 52 साल के आर्मस्ट्रॉन्ग शाम करीब 7 बजे चेन्नई स्थित सेम्बियम इलाके के वेणुगोपाल स्ट्रीट पर अपने घर के कुछ पार्टी कार्यकताओं से बात कर रहे थे। तभी दो बाइक पर सवार छह लोग आए और उन पर चाकू-तलवारों से हमला कर दिया। इसके बाद वहां से भाग गए। आर्मस्ट्रांग को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना के कुछ घंटों के भीतर एक गैंग से जुड़े 8 संदिग्धों को हिरासत में लिया था। इनकी पहचान पोन्नई वी बालू, डी रामू, के एस तिरुमलाई, डी सेल्वराज, जी अरुल, के मणिवन्नन, के तिरुवेंगदम, जे संतोष, गोकुल, विजय और शिवशंकर के रूप में की गई।

कारगिल विजय दिवस | सहारनपुर के सरसावा वायु स्टेशन में मनाई गई रजत जयंती

आसमान में दिखे सुखोई-राफेल के हैरतअंगेज करतब

AGENCY NEW DELHI : रविवार को भारतीय वायु सेना ने कारगिल युद्ध में विजय के 25 वर्ष पूरे होने पर सहारनपुर के सरसावा स्टेशन में 'कारगिल विजय दिवस रजत जयंती' समारोह शुरू किया है। यह 26 जुलाई तक चलेगा। सरसावा एयरफोर्स स्टेशन पर वायु सैनिक एक चॉपर से रस्सी के सहारे लटक कर हवा में उड़े, जिसे देखने के बाद दर्शकों का जोश हाई हो गया। एयर शो में फाइटर जेट सुखोई, राफेल, जगुआर, एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर, एएन-32 और डोर्नियर विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए।

चॉपर से रस्सी के सहारे हवा में उड़े वायु योद्धा, दर्शकों का जोश हुआ हाई

असाधारण साहस का दिया परिचय

युद्ध के दौरान 28 मई 99 को 152 एयू के स्क्वाड्रन लीडर आर पुंडीर, फ्लाइट लेफ्टिनेंट एस मुहिलान, सार्जेंट पीवीएनआर प्रसाद और सार्जेंट आरके साहू को टोलोलिंग में दुश्मन के ठिकानों पर लाइव स्ट्राइक के लिए 'गुबरा' फॉर्मेशन के रूप में उड़ान भरने की जिम्मेदारी दी गई थी। इस हवाई हमले को सफलतापूर्वक अंजाम देने के बाद उनके हेलीकॉप्टर को दुश्मन की स्टिंगर मिसाइल ने मार गिराया, जिसमें चार वीर सैनिकों ने प्राणों का बलिदान दिया।

कारगिल पहाड़ियों पर फेंके गए हवाई ग्रेनेड

कृत्रिम रूप से दिखाई गई कारगिल पहाड़ियों पर हवाई ग्रेनेड फेंके गए। लड़ाकू सुखोई की आसमानी कलाबाजी देखकर दर्शकों के रोंगटे खड़े हो गए। शहीद नायकों की पुण्य स्मृति में एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर ने 'मिसिंग मैन फॉर्मेशन' में उड़ान भरी। इस अवसर पर भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टरों चीता और चिनूक का स्थिर प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर एयर वॉरियर ड्रिल टीम और वायु सेना बैंड ने अपनी प्रस्तुतियों में मधुर स्वर लहरियों के बीच वीर सैनिकों की शौर्य गाथाएं सुनाई। इस कार्यक्रम को 5000 से अधिक दर्शकों ने देखा, जिनमें स्कूली बच्चे, सहारनपुर क्षेत्र के स्थानीय निवासी, पूर्व सैनिक, गणमान्य नागरिक और रुड़की, देहरादून और अंबाला के रक्षा बलों के कार्मिक गण शामिल थे। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने 13 जुलाई को वरिष्ठ गणमान्य अधिकारियों, बहादुरों के परिवारों, दिग्गजों और सेवारत भारतीय वायु सेना अधिकारियों के साथ राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले सभी वायु सैनिकों को सरसावा स्टेशन के युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम के दौरान वायु सेना प्रमुख ने उनके परिजनों को सम्मानित किया और उनसे बातचीत की।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने लगाया आरोप

चार वर्षों में एक भी परीक्षा नहीं करा पाई एनआरए

AGENCY NEW DELHI : रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस ने शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने पूछा कि राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) ने पिछले चार वर्षों में एक भी परीक्षा क्यों आयोजित नहीं की है। खड़गे की प्रतिक्रिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शनिवार को मुंबई में की गई उस टिप्पणी पर आई है, जिसमें उन्होंने जोर दिया था कि पिछले तीन से चार वर्षों में आठ करोड़ नई नौकरियों के सृजन ने बेरोजगारी के बारे में फर्जी बातें फैलाने वालों को चुप कर दिया है। खड़गे ने एक्स पर कहा, नरेंद्र मोदी जी, कल आप मुंबई में नौकरियां देने पर झूठ का मायाजाल बुन रहे थे।

- भाजपा और आरएसएस ने उठाया है शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने का बीड़ा

BRIEF NEWS

लोहरदगा में हाथियों के उत्पात से ग्रामीण परेशान

LOHARDAGA : जिले के कैरो प्रखंड क्षेत्र में हाथियों ने शनिवार रात नरौली निवासी सीताराम उरांव के मकान को ध्वस्त हुए घर पर रखे अनाज को खा गए। साथ ही कई किसानों के फसल को भी बर्बाद कर दिया। खण्डा, कैरो, चल्हो, बक्सी, एडादोन आदि गांवों के लोग हाथियों के डर से रतजगा करते रहे। कैरो चल्हो पथ के बगल में हाथी देखा गया है। कुछ हाथियों को एडादोन होते कुडू प्रखंड क्षेत्र के तान होते अम्बाफरा की ओर जाते देखा गया है।

नहाने के दौरान डैम में डूबने से दो लड़कों की मौत

LATEHAR : जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिजन टोला के पास रविवार को डैम में डूबने से दो लड़कों की मौत हो गयी। मृतकों में मोहम्मद अफरोज (10) और रुपेश कुमार (11) हैं। दोनों बालूमाथ के हरिजन टोला के रहने वाले थे। मिली जानकारी के अनुसार रुपेश और अफरोज कुछ अन्य लड़कों के साथ रविवार को नहाने के लिए पास में स्थित डैम में गए थे। नहाने के दौरान दोनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। दोनों को डूबता देख उनके साथ नहाने गए अन्य लड़के दौड़ते हुए गांव आए और लोगों को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण डैम के पास पहुंचे और पानी में डूब रहे दोनों लड़कों को बाहर निकाला। इसके बाद तत्काल दोनों को बालूमाथ अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बात दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद डीएसपी आशुतोष सत्यम के निर्देश पर पुलिस की टीम मामले की छानबीन आरंभ कर दी है।

17 को भाईचारगी के साथ निकलेगा मुहर्रम जुलूस

KANKE : रविवार को सेंट्रल मोहर्रम कमेटी कांके की बैठक समनुर मंसूरी की अध्यक्षता में कांके मुहर्रम मैदान में मुहर्रम का जुलूस निकालने को लेकर किया गया। संचालन सचिव मो फुरकान ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 17 जुलाई को हर साल की तरह इस साल भी कांके में एकता और भाईचारगी के साथ मुहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा। बैठक में पतरा टोली, चूड़ी टोला, मिल्लत कॉलोनी, बाजार टांड़, सिमर टोली,गागी, खटंगा सहित विभिन्न जगहों से खलीफा और दानिश्वर लोग शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से मो. फुरकान, हाजी हैदर,सईदुल मंडल, माहीर खान,मो नसीम,अब्दुल इमरान,अलीमुद्दीन अंसारी, इम्तियाज आलम, अजीज अंसारी, फिरोज अख्तर, जियारत अंसारी, सहिउदुद्दीन अंसारी, राजीक आलम,सलामत अंसारी, हामिद हुसैन,बारिक कुरैशी, गुलजार आलम, साहिल आलम, सलमान अली खान, सिकन्दर रजा, मो इमरोज, मो सज्जन,मो रेयाज,मो एनाम,मो रिजवान, शेर खान,नसीम अहमद,मो नुरैन, फिरदौस आलम,मनौव्वर बाबा सहित कई लोग उपस्थित थे।

मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए किया जा रहा विशेष इंतजाम

श्रावणी मेले में भक्तों को त्रिलोक का दर्शन कराएगा शिवलोक

PHOTON NEWS DEOGHAR : श्रावणी मेला 2024 में द्वादश ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक करने के लिए आने वाले शिवभक्तों व श्रद्धालुओं को देवघर में ही त्रिलोक के दर्शन होंगे। टावर चौक के समीप अवस्थित शिवलोक परिसर में त्रिलोक का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं व स्थानीय लोग आकाश, पाताल लोक के साथ-साथ पृथ्वी लोक का एक साथ दर्शन कर सकेंगे। यहां भव्य आकृति के रूप में तीनों लोकों के स्वामी आदि देव महादेव का विशालकाय स्वरूप का साक्षात दर्शन भी कर पायेंगे। जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से शिवलोक परिसर में प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना है। त्रिलोक के भव्य स्वरूप को मूर्तरूप देने के लिए प्रसिद्ध कलाकार पाबन राय के निर्देशन में 52 कलाकार (कोलकाता स्थित उत्तर 24 परगना जिला के 30 व देवघर जिले के 22) आरएन बोस लाइब्रेरी परिसर में दिन रात जुटे हुए हैं। स्वर्ग लोक में ब्रह्मा, विष्णु व महेश्वर के दर्शन तो होंगे ही, शिव के समक्ष खड़े होकर प्रार्थना की मुद्रा में देवर्षि नारद श्रावण माह में देवघर आने का निमंत्रण देते नजर आएंगे। राजा भगीरथ गंगा मइया को स्वर्गलोक से धरती पर अवतरण के लिए प्रार्थना करते नजर आयेंगे। धरती लोक में आदि शक्ति माता के 9 रूपों का शक्तिपीठ के साथ श्रद्धालुओं को दर्शन कराया जायेगा, जिसमें देवघर के बाबा मंदिर में हृदयपीठ पर कलाकारों का फोकस होगा। मान्यताओं के अनुसार, मां का हृदय देवघर में गिरा था, उसे कला के जरिये परिलक्षित किया जायेगा। हिंदू शास्त्रों में गरुड़ पुराण का विशेष स्थान है, जिसमें इंसान के द्वारा किये गये बुरे कर्मों का हिसाब नरक लोक में होता है। इसे अलग-अलग प्रतिकृतियों से लोगों को दिखाने का प्रयास होगा। शिवलोक परिसर में प्रकृति से प्रेम भाव को दशार्ते हुए झारखंड से प्रकृति पर्व की महत्ता को बताने का प्रयास होगा। इस कड़ी में झारखंड में मनाये जाने वाले कर्मा, सरहुल, बंधना, बट सावित्री पूजा जैसे पर्व-त्योहार के स्टॉल लगाये जायेंगे।

देवघर में भक्तों के लिए बन रही देवी-देवताओं की मूर्ति।

बच्चों के इलाज के लिए बने आयुष्मान कार्ड

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : पेरेंट्स एसोसिएशन ऑफ मेंटली हैंडीकैप्ड (एस्पायर) के सदस्यों ने रविवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिले। संगठन के सदस्यों ने राज्य के हजारों लोग ऑटिज्म, बौद्धिक विकलांगता, मानसिक मंदता, सेरेब्रल पाल्सी आदि से प्रभावित हैं। यह संख्या कई गुना बढ़ सकती है, क्योंकि लोग अपने परिजनों में मानसिक विकलांगता को स्वीकार करने के लिए आगे आने में अनिच्छुक हैं। वर्तमान में कोई भी कंपनी ऑटिज्म, बौद्धिक विकलांगता, मानसिक मंदता, सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित विशेष बच्चों को स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान नहीं करती है, केवल भारत सरकार की निरामया योजना विशेष रूप से विशेष बच्चों-व्यक्तियों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने के लिए है, लेकिन यह कैशलेस सुविधा प्रदान नहीं करती है। इसके अलावा, कवर बहुत कम मात्र 1 लाख है। बिलों की प्रोसेसिंग में भी बहुत लंबा समय लगता है, जिसके कारण माता-पिता को वितीय बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कई बार लाभार्थी को बीमा का पैसा भी नहीं मिल पाता है। संगठन झारखंड सरकार से भी आयुष्मान भारत योजना का विस्तार विशेष बच्चों के इलाज के लिए मांग करती है। संगठन के सदस्यों ने स्वास्थ्य मंत्री से इस दिशा में जल्द कार्रवाई की मांग की। इस दौरान संगठन की डॉ निवेदिता पाणिग्रही समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन देते लोग।

लूट की घटनाओं के खिलाफ व्यवसायियों ने किया प्रदर्शन

प्रदर्शन करते स्वर्ण व्यवसायी। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS PALAMU : जिले के अलग अलग प्रखंड क्षेत्र के बाजारों में स्वर्ण आभूषण की दुकानों में लूट व चोरी की घटनाओं के खिलाफ स्वर्ण आभूषण व्यवसाईयों ने रविवार को छह मुहान पर पलामू जिला स्वर्णकार संघ के तत्वावधान में धरना प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता संघ के पलामू जिला अध्यक्ष धनंजय सोनी ने की, जबकि मुख्य रूप से संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा जौहरी मौजूद थे। धरना प्रदर्शन के माध्यम से वक्ताओं ने कहा कि 15 दिनों के भीतर घटनाओं का उद्वेदन नहीं हुआ तो सारे स्वर्ण व्यवसाय अपनी-अपनी दुकानों में ताला लगाकर चाभी जिला प्रशासन को सौंप देंगे। अबतक जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र में ज्वेलरी गायब एवं लूट की आधा दर्जन घटनाएं सामने आ चुकी है। किसी मामले का उदभेदन नहीं हुआ।

अज्ञात वाहन की चपेट में आया बाइक सवार, मौत

GIRIDIH : अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक जमुआ थाना क्षेत्र के मधवा निवासी अरबाज अंसारी था। घटना रविवार की सुबह पचंबा-चित्राडीह मार्ग पर परियाना के पास घटी। घटना पचंबा थाना क्षेत्र की है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। जाम की सूचना मिलने पर पचंबा थाना के इंस्पेक्टर मंटू कुमार वहां पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। इधर, घटना के संदर्भ में ग्रामीणों ने बताया कि जमुआ के मधवा निवासी अरबाज अंसारी रविवार की सुबह अपने घर से पचंबा जा रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

गोड्डा में कृषि मंत्री दीपिका पांडेय ने विभाग की योजनाओं की ली जानकारी, बोलीं-

किसानों से जुड़ी योजनाओं के कार्य में लाएं तेजी

PHOTON NEWS GODDA : झारखंड की कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह मंत्री बनने के बाद के पहली बार गोड्डा पहुंचीं। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। साथ ही कृषि मंत्री ने इस दौरान कृषि विभाग के पदाधिकारियों से मिलकर योजनाओं से जुड़ी जानकारी ली। कृषि मंत्री दीपिका ने इस दौरान कहा कि वो मंत्री बनने के बाद पहली बार गोड्डा दौरे पर पहुंची हैं। ऐसे में वो चाहेंगी कि गोड्डा जिला कृषि के क्षेत्र में मॉडल बने।साथ ही उन्होंने कहा कि समय कम है और काम ज्यादा है। इसलिए किसानों से जुड़ी योजनाओं के कार्य में तेजी लाएं,

ताकि किसानों को इसका लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने कहा कि गोड्डा जिले के महगामा के गंगासागर डैम के पानी के कारण बड़े इलाके में धान के बिचड़े डूब रहे हैं। उन्होंने कृषि विभाग को समन्वय बनाकर पीड़ित किसानों से मिलने और समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया है। वहीं कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक रविशंकर ने गोड्डा में बीज उत्पादन और आम की बागवानी को लेकर रिसर्च सेंटर विकसित करने का आग्रह कृषि मंत्री से किया। वहीं सूबे की कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कार्यक्रम के बाद गोड्डा के योगिनी स्थान में पूजा अर्चना की। इसके बाद महगामा, मेहरमा और ठाकुरगंगटी क्षेत्र का दौरा कर कार्यकताओं से मुलाकात की। जगह-जगह कृषि मंत्री का स्वागत किया गया।

आज सीएम से मुलाकात करेगी संघर्ष समिति

झारखंड मे चौकीदार की बहाली में अनुसूचित जाति का आरक्षण शून्य किया गया है। अब पूरे मामले को राज्य के सीएम हेमंत सोरेन के पास रखा जाएगा। चौकीदार आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति 15 जुलाई मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेगी और सभी तथ्यों को रखेगी। पलामू से संघर्ष समिति का एक डेलीगेट सीएम से मुलाकात करने रांची जा रही है। चौकीदार आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष संदीप कुमार पासवान ने बताया कि 15 जुलाई को सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात करने समय निर्धारित हुआ है। संघर्ष समिति पूरी बात को सीएम के समक्ष रखेगी और अनुसूचित जाति के हक और अधिकार दिलाने की पहल होगी।

विधायक मंगल कालिंदी ने दिया 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' का नारा

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : छोटा गोविंदपुर स्थित पटेल भवन में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, आम आदमी पार्टी, सीपीआई के गोविंदपुर क्षेत्र के प्रमुख नेताओं एवं सेक्टर इंचार्ज की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो नेता प्रकाश दुबे ने की। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि पिछली सरकार ने गोविंदपुर क्षेत्र के विकास के लिए कोई कार्य नहीं किय। सड़कों की बदहाली के चलते जनता का बुरा हाल था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार ने 10 किलोमीटर सड़क के साथ-साथ पार्क का निर्माण, विभन्न मंदिर निर्माण, 100 चापाकाल, घर-घर तक पेंशन पहुंचने का कार्य किया। आगामी विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के तमाम नेता व कार्यकर्ता घर-घर जा कर सरकार की योजनाओं को अंतिम पंक्ति के लोगो तक पहुंचाएं, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में पुनः महागठबंधन की सरकार बने। जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह ने कहा कि हम गोविंदपुर के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित हैं। सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। स्कूल भवनों को दुरुस्त किया जा रहा है। गोविंदपुर में विकास की गंगा बह रही है। बैठक में महागठबंधन के बीडी राय, देवशरण सिंह, शिवलाल लोहार, नरेश गौरा, अरविंद साहू, मनोज उपाध्याय, नागेंद्र तिवारी, ददन यादव, सुनील कुशवाहा, ओम प्रकाश, श्रवण कुमार, राजेंद्र राम ने भी अपने विचार रखे। बैठक का संचालन जक्ता सोरेन एवं धन्यवाद ज्ञापन शिवलाल लोहरा ने किया। इसमें कांग्रेस के राजकिशोर यादव, सीपीआई के शिभाधार विश्वकर्मा, राष्ट्रीय जनता दल के अरविंद ठाकुर, आम आदमी पार्टी के बलराम, महिला नेत्री मीना देवी, कन्हैया यादव, मनोज यादव, सुनील सिंह, विकास कुमार, सत्यम सिंह ,आनंद मिश्रा, संतोष यादव, संतोष विश्वकर्मा, विमलेश कुमार, उमाशंकर कुमार, सैयद हक, माधुरी देवी, कविता देवी, जितेंद्र ठाकुर, मीना देवी, आशा देवी, बैसाखी देवी, बुलबुल दास, उप मुखिया विभा सिंह, जगत सोरेन, शिवलाल लोहरा, चंदन पांडेय, लक्ष्मण मुंडा, बालाजी भगत, दिनेश सिंह, सनी सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

बैठक में शामिल विधायक व अन्य। ● फोटोन न्यूज

गिरिडीह में अवैध माइका लोडेड पिकअप वाहन जब्त

GIRIDIH : जिले के तिसरी -गांवा वन क्षेत्र के घंघरीकुरा में वन विभाग के टीम ने शनिवार देर रात को अवैध बेशकीमती माइका लदे पिकअप बोलेरो को जब्त है। जब्त वाहन में उम्दाकिस्म की अबरख लौड है। बताया जाता है कि वन विभाग के टीम को देख वाहन ड्राइवर भागने लगा लेकिन टीम ने घेरकर पकड़ लिया । इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर चालक वैन छोड़कर फरार हो गया । इस संबंध में रविवार को तिसरी वनपाल अमर विश्वकर्मा ने कहा की गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग के टीम में मुकेश दास, गौतम दास, अशोक कुमार, जिलाजीत कुमार,दिनेश दास, हीरालाल पंडित सहित कई वन कर्मी ने घंघरी कुरा गांव के पास डोरंडा जाने वाली मुख्य सड़क पर माइका लदा पिक अप बोलेरो को पकड़ा है। उन्होंने कहा कि ढिबरा लदा पिक अप बोलेरो तिसरी थाना क्षेत्र के पंचरुखी जंगल से लोड करके डोमचांच ले जाया जा रहा था ।टीम ने पीछा कर घंघरी कुरा में दबोचा गया।

क्विज कंटेस्ट में 12 कॉलेजों के 60 छात्र होंगे शामिल

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज में आज इंटर कॉलेज बिजनेस क्विज कंटेस्ट का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर कोल्हन विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति हरि कुमार केसरी मुख्य अतिथि होंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजेंद्र भारती, वित्त पदाधिकारी डॉ विनय कुमार सिंह, वोकेशनल को-ऑर्डिनेटर डॉ संजीव आनंद भी अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ विजय प्रकाश और को-ऑर्डिनेटर डॉ मौसमी पाल हैं। इसमें 12 कॉलेजों के कॉमर्स विभाग के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। प्रत्येक कॉलेज की टीम में पांच विद्यार्थी होंगे। प्रतियोगिता का फाइनल पांच राउंड के आधार पर किया जाएगा। प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को विनर और रनर के रूप में पुरस्कृत किया जाएगा। अन्य टीमों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। कोल्हन विश्वविद्यालय में इंटर कॉलेज बिजनेस क्विज कंटेस्ट का आयोजन पहली बार किया गया है। इसका उदेश्य वाणिज्य के विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास है। साथ ही वे व्यवसाय के क्षेत्र में परिपक्व हो कर स्वावलम्बी बन सकें। रविवार को कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक झा ने आयोजन स्थल पर तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान डॉ डीके मित्रा, डॉ मौसमी पॉल, डॉ विनय कुमार गुप्ता, प्रो बिनोद कुमार, डॉ कुमारी रानी, मोहन साहू, दुर्गेश दास समेत कई विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य महेंद्र गिरफ्तार

RAMGARH : पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के सक्रिय सदस्य और हत्या के आरोपी महेंद्र करमाली को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल बरामद किया है। महेंद्र करमाली पर लेवी के लिए मुर्गा लड़ाई के दौरान मनोज मुंडा नामक व्यक्ति की हत्या करने का आरोप है। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया था, महेंद्र करमाली करीब 18 महीने से फरार चल रहा था। दरअसल, बरकाकाना ओपी क्षेत्र के लोवाडीह झांझीटोला गांव में 16 फरवरी 23 को मुर्गा लड़ाई के दौरान चार अज्ञात अपराधियों ने मनोज गुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिसके बाद मृतक मनोज मुंडा के भाई जनक मुंडा ने बरकाकाना ओपी में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ धारा 302/120 आईपीसी और 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने जब पूरे मामले की जांच की तो पता चला कि इस पूरी घटना को प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के सक्रिय सदस्यों ने मुर्गा लड़ाई क्लब के संचालक से लेवी वसूलने के लिए अंजाम दिया था।

खूंटी के ग्रामीणों ने रफ्तार पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन से की मांग

सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे बालू लदे वाहन

PHOTON NEWS KHUNTI : जिले के कामडारा वाया जरियागढ़ कर्रा की सड़कों पर चलने वाले तेज रफ्तार हाइवा से ग्रामीण भयभीत हैं। दो वर्षों के भीतर तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से लगभग दो दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद रफ्तार में ब्रेक नहीं लग पा रहा है। इस कारण क्षेत्र के ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मामले में कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि तोरपा और कर्रा प्रखंड क्षेत्र में कारो और छाता नदी से दिनदहाड़े अवैध बालू का खनन कर देर रात हाइवा से बालू की ढुलाई होती है और बालू का अवैध परिवहन रोकने के लिए गठित टास्क फोर्स कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करता है। इस कारण रेत माफियाओं का मनोबल बढ़ गया है। इस कारण दिन हो या रात बेखौफ होकर सड़कों पर हाइवा तेज रफ्तार से दौड़ रहे हैं और उस रफ्तार के बीच जो आया उसकी मौत तय है। अब सड़कों पर लगातार हो रहे हादसों के बाद ग्राम सभा से लेकर स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधि अवैध बालू का खनन और परिवहन पर लगाम लगाने के लिए मुखर होने लगे हैं। इस संबंध में तोरपा अनुमंडल क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि बालू लदे हाइवा की रफ्तार देखकर सबसे रौंगटे खड़े हो जाते हैं। ज्यादातर घटनाएं तेज रफ्तार हाइवा के कारण होती हैं। कुछ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बताया कि पुलिस प्रशासन से बचने के लिए हाइवा तेज रफ्तार में चलता है। जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन, पुलिस और सड़क सुरक्षा विभाग के अधिकारियों से अनुरोध किया है कि अवैध बालू लदे हाइवा की रफ्तार पर लगाम लगाने के लिए कार्रवाई करें। जबकि कुछ जनप्रतिनिधियों ने मामले में स्थानीय पुलिस पर अनदेखी का आरोप लगाया है। जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि थाने के सामने से अवैध बालू लदे हाइवा गुजर जाते हैं, लेकिन पुलिस गाड़ियों को रोकने की जहमत नहीं उठाती है। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मामले में कार्रवाई की मांग की है, ताकि अवैध बालू का खनन और परिवहन पर रोक लग सके। जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि क्षेत्र में जनजागरुकता के साथ बालू के अवैध खनन और परिवहन पर सख्त कार्रवाई हो नहीं तो प्रखंड क्षेत्र के सभी ग्राम सभा उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

उधर, तोरपा डीएसपी ख्रिस्तोफर केरकेट्टा सड़क हादसों में कमी लाने के लिए जागरुकता अभियान चला रहे हैं। सभी पेट्रोल पंप मालिकों को बगैर हेलमेट लोगों को पेट्रोल नहीं देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में तेज रफ्तार से चलने वाली गाड़ियों और चालकों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश थाना प्रभारियों को दिया गया है। उन्होंने बताया कि तेज रफ्तार से चलने वाले बालू लदे हाइवा को रोकने का काम खनन विभाग का है। हालांकि तोरपा पुलिस लगातार खनन विभाग का सहयोग करती रही है। वहीं इस संबंध में प्रभारी एसडीओ अरविंद कुमार ओझा ने बताया कि सड़कों पर तेज रफ्तार हाइवा को रोकने के लिए थाना प्रभारियों को चेकपोस्ट और बैरिकेडिंग लगाने का निर्देश दिया गया है।

शाम ढलते ही सड़क पर नहीं निकलते लोग

सड़कों पर देर रात हाइवा के खौफ से सड़क किनारे गांव में रहने वाले ग्रामीण खौफ के साये में जी रहे हैं। खौफ इतना है कि शाम ढलते ही राहगीर भी सड़कों पर नहीं निकलते हैं। सड़कों पर बेखौफ होकर दौड़ने वाले हाइवा की रफ्तार इतनी है कि जो आया उसके परखच्चे उड़ना तय है। यही कारण है कि लोग सड़कों पर चलने से डरने लगे हैं।

हनुमान रूप सज्जा प्रतियोगिता संपन्न, 232 बच्चों ने लिया भाग

तुलसी जयंती पर हनुमान रूप में बच्चे। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन और तुलसी भवन द्वारा आयोजित तुलसी जयंती समारोह के अन्तर्गत रविवार को श्री हनुमान रुप सज्जा प्रतियोगिता सम्पन्न हुई । कक्षा 1 से 3 तथा 4 से 6 तक के छात्र - छात्राओं के लिये दो वर्गों में सम्पन्न हुए इस आयोजन में नगर के 27 विद्यालयों के कुल 232 विद्यार्थियों ने भाग लिया । कार्यक्रम के आरंभ में संस्थान के मानद महासचिव डॉ. प्रसेनजित तिवारी ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुये पुरे कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी । तत्पश्चात संस्थान के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका , उपाध्यक्ष राम नन्दन प्रसाद , कोषाध्यक्ष विमल जालान, प्रकाश मेहता एवं साहित्य समिति के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन किया गया । प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में डॉ.यमुना तिवारी व्यथित, अनीता निधि, दिव्येन्दु त्रिपाठी, शिखा अखौरी, राजेन्द्र साह राज, आरती श्रीवास्तव, माधुरी मिश्र, एवं नीलाम्बर चौधरी रहे । प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान करने वालों में सर्वश्री राम नन्दन प्रसाद, विमल जालान, डॉ. रागिनी भूषण, डॉ. अजय कुमार ओझा , सुरेश चन्द्र झा, अजय कुमार प्रजापति, डॉ. उदय प्रताप हयात, वसंत जमशेदपुरी, डॉ. वीणा पाण्डेय भारती, वीणा कुमारी नंदिनी, कैलाश नाथ शर्मा 'गाजीपुरी', शकुंतला शर्मा, लक्ष्मी सिंह , रीना सिन्हा , उषा झा तथा जितेश तिवारी प्रमुख रहे । मौके पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावक एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही ।

BRIEF NEWS

योगदा सत्संग आश्रम के पास करंट लगने से एक की मौत

RANCHI : चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित योगदा सत्संग आश्रम के पास रविवार को करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। बताया जाता है कि कचरा चुनकर जीवनयापन करने वाले व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गयी। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और शिनाख्त करा रही है।

विहिप ने किया पौधारोपण

RANCHI : विश्व हिंदू परिषद (विहिप) प्रताप नगर की ओर से रविवार को बड़ा तालाब के समीप सरोवर पार्क में पौधारोपण किया गया। पर्यावरण को बेहतर बनाये रखने के लिए एक पेड़ लगाए मातृभूमि के नाम से अभियान आरंभ हुआ। प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने बरगद और महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी ने पीपल का पौधा लगाया। नगर के सहमंत्री विश्वरंजन और विभाग सहमंत्री रवि शंकर राय ने नीम का पौधा लगाया। प्रताप नगर अध्यक्ष राजेश अग्रवाल की अगुवाई में एक पेड़ मातृभूमि के नाम से कार्यक्रम में प्रताप नगर मंत्री अजय राजगढ़िया, सहमंत्री उमेश वर्मा, मातृशक्ति प्रमुख रेखा मिश्रा, रजत चावला, अनिल जालान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

सेल सैटेलाइट टाउनशिप में रक्तदान शिविर आयोजित

RANCHI : सीईटी सेल ने रविवार को सेल सैटेलाइट टाउनशिप में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर ईडी (सीईटी) के एस.के. वर्मा ने सेल रांची इकाइयों के परिवार के सदस्यों को रक्तदान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस शिविर में कुल 27 लोगों ने रक्तदान किया।

दो कलवट निर्माण का किया गया शिलान्यास

RANCHI : चान्हो प्रखंड के सोंस पंचायत अंतर्गत दो स्थानों पर कलवट निर्माण शिलान्यास किया गया है। यह कलवट निर्माण सोंस पंचायत के रहने वाले ओम प्रकाश साहू के घर के नजदीक और दूसरा सोंस मस्जिद से लेकर महली टोला के पास निर्माण होगा। शिलान्यास जिला परिषद सदस्य चान्हो मो आदिल अजीम के कर कमलों द्वारा किया गया। आदिल अजीम ने कहा की मस्जिद के पास नाली की पानी के कारण आने जाने वालो को बहुत परेशानी हो रही थी। मौके पर चान्हो प्रखंड प्रमुख होलिका देवी, सोंस पंचायत की मुखिया विमला देवी, पंसस रिजवान आलम, सांसद प्रतिनिधि मो गयास, मंजर अकील, मो फिरदौस, मो नसीम, शमीम राय, नौशाद आलम, ब्रज नंदन साहू, भरत महली, मो इम्तियाज सहित सोंस पंचायत के कई ग्रामीण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने जोर देकर कहा- झारखंड बचाओ-भाजपा लाओ

99 सीटें लाकर न जाने कौन सा तीर मार लिया कांग्रेस ने : शिवराज सिंह

PHOTON NEWS RANCHI : केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कांग्रेस और जेएमएम के खिलाफ आक्रामक तेवर दिखाये। श्री चौहान राजधानी रांची के धुर्वा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित विजय संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ऐसा लग रहा है कि 99 सीटें प्राप्त कर उनने बड़ा तीर मार लिया है। राहुल को चिंदी मिल गयी तो बजाज बन गये। शिवराज सिंह ने कहा कि हमारी 243 और एनडीए के साथ 293 सीटें आयू। लोकसभा में जब अध्यक्ष के चुनाव की बारी आयी तो पूरा इंडिया ब्लॉक कांग्रेस और उनके साथी मैदान छोड़कर भाग गये। उनको पता था कि बहुत बुरा हारेंगे। क्योंकि लोकसभा में संसद में भारी बहुमत नरेंद्र मोदी को प्राप्त हुआ है। कहा कि कांग्रेस और जेएमएम झूठ बोलने की मशीन हैं। वे गलत नैरेटिव सेट करते हैं। बीजेपी कार्यकताओं की पार्टी है। राहुल गांधी द्वारा सदन में दिये गये बयान पर कहा कि राहुल गांधी को हिंदू के बारे में पता नहीं है। चौहान ने कहा, झारखंड में क्या हुआ 14 में से हम 09 सीटें जीते हैं। और इसी को विधानसभा में बदल दिया जाये तो हम 81 में से 52 सीटों पर आगे रहे हैं। कभी अग्निवीर के बारे में झूठ बोलते हैं तो कभी झूठ बोलते हैं कि किसानों को एमएसपी नहीं दे रहे। कहा कि तुम्हारी सरकार (कांग्रेस) जहां होगी वहां गड़बड़ होती होगी। हमारी सरकारें सब जगह दे रही हैं।

झामुमो ने एक भी वादा पूरा नहीं किया : झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कितने वादे किये थे। इनके निश्चय पत्र पर सैंकड़ों वादे लिखे हैं। आज मैं जवाब मांग रहा हूं हेमंत सोरेन हो, कांग्रेस हो या गठबंधन के लोगङ्क बताओ कौन सा वादा पूरा किया है। नौजवानों को कहा था, सरकारी नौकरी देंगे, नौकरी नहीं दी तो 5 हजार रुपए स्नातक को और 7 हजार रुपए स्नातकोत्तर को बेरोजगारी भत्ता देंगे। बताओ किसी एक को भी बेरोजगारी भत्ता दिया है? नौकरियां मिल रही है? कितने बड़े झूठे हैं ये। बहनों से भी कई वादे किये थे कि घर खर्च के लिए 2 हजार रुपया महीना देंगे।

ये भाजपा है, जो कहती है, वो करती है

जब भाजपा की सरकार पांच साल पहले थी तब झारखंड का विकास हुआ था। अच्छी सड़कें बनीं थी पुल-पुलिया बने थे। स्कूल अस्पताल बने थे। क्योंकि भाजपा का राज था। और विकास अगर कर सकती है तो भाजपा की सरकार कर सकती है। इस सरकार में गरीब रो रहा है। सामान्य आदमी रो रहा है। घर बनाना और विकास के काम करना मुश्किल हो गया है। हेमंत जी ये बालू कहां जा रहा है ये तो बता दो ? बाल्टी में जैसे दूध-घी बिकता था। वैसे अब बालू बिक रहा है। जनता बालू की लिए तरस जाये। ऐसी लूट मैंने बालू की कभी नहीं देखी। ये बालू लूटने वाली सरकार है। इस राज्य में हर चीज के रेट फिक्स हैं। सरकारी दफ्तरों में बिना लिये दिये कोई काम नहीं होता।

मीडिया से बात करते शिवराज सिंह चौहान व अन्य। ● फोटोन न्यूज

राहुल बाबा हिंदुत्व की पहचान तुम क्या जानो?

चौहान ने कहा कि कभी कहते हैं हिंदू हिंसक हैं। राहुल बाबा हिंदुत्व की पहचान तुम क्या जानो? ये मेरा है, ये तेरा है ये सोच छोटे दिल वालों की होती है। जो विशाल हृदय के होते हैं वो कहते हैं सारी दुनिया ही एक परिवार है। ये हिंदुत्व है। धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो ये हिंदुत्व है। और केवल मनुष्य में नहीं प्राणियों में सद्भावना हो ये हिंदुत्व है। सब सुखी हो, सब निरोग हों, सबका मंगल हो, सबका कल्याण हो ये हिंदुत्व है। और ये भारत की हजारों साल पुरानी परंपरा हैं।

हेमंत सरकार पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप

केंद्रीय मंत्री एवं झारखंड भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की विफलताओं पर भी खूब नजर बनाए हुए हैं। रविवार को मीडिया प्रतिनिधियों संग अनौपचारिक बातचीत में भी उन्होंने हेमंत सरकार पर जनता से वादाखिलाफी करने, छलने का आरोप लगाया। कहा कि करीब पांच साल इस सरकार के होने को हैं। 2019 में चुनाव के समय संकल्प पत्र जारी करते कहा था- बदलो सरकार, पाओ अधिकार। सरकार बदल भी गयी पर लोगों को कौन सा अधिकार, न्याय यह अबतक दे सकी है? केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज धुर्वा मंडल भाजपा अध्यक्ष उमेश यादव के घर भोजन किया।

ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, पुलिस से दुर्व्यवहार

सड़क हादसे में चली गई नाबालिग लड़के की जान

घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीण व पुलिस। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS KANKE : रविवार की सुबह कांके थाना क्षेत्र के बुकरु गांव के समीप सड़क दुर्घटना में बुकरु निवासी पवन मुंडा (15) पिता- संतोष मुंडा की मौत हो गई। इसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने बुकरु चैक के समीप रांची पतरातू मार्ग 6 घंटा जाम रखा। इससे सड़क के दोनों छोर पर लगभग 5 किलोमीटर सड़क जाम हो गया। घटना के संबध में प्रत्यशदर्शियों ने बताया कि पवन मुंडा बाढू स्थित पेट्रोल भराकर घर लौट रहा था। सड़क पार करना चाह रहा था। इसी बीच तेज गति से आ रही बाइक राइडर्स के समूह में से एक बाइक संख्या जेएच 24 ई 4864 पवन की बाइक को टक्कर मार दी। पीछे से दूसरे बाइक राइडर की बाइक संख्या जेएच 01ईवी 6405 ने भी टक्कर मार दी। इससे पवन मुंडा की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। गुस्साए ग्रामीण पुलिस द्वारा रिम्स भेजे गए दोनों बाइकर्स को बुकरु चैक बुलाने की मांग करने लगे। महिलाएं पिठोरिया पुलिस के एसआइ मोबिन खान का कॉलर पकड़कर धक्का मुक्की कर दोनों बाइकर्स को बुलाने को कहा। मौके पर पंहुचे डीएसपी अमर कुमार पांडेय,बीडीओ विजय कुमार व इंस्पेक्टर राम कुमार वर्मा ने भी ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। बीडीओ विजय कुमार द्वारा 10 लाख रुपया मुआवजा,परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी,आपदा प्रबंधन के द्वारा राशि का भुगतान का लिखित आश्वसन के बाद जाम हटाया गया।

रांची में 21 जुलाई के बाद स्मार्ट मीटर होंगे प्रीपेड

RANCHI : राजधानी रांची के उपभोक्ताओं के घरों में लगे स्मार्ट मीटर 21 जुलाई के बाद से प्रीपेड होने लगेंगे। इसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जायेगा। इसके लिए दिशा-निर्देश जारी किया जाएगा। इस संबंध में झारखंड ऊर्जा संचरण निगम (जेयूएसएनएल) के एमडी केके वर्मा ने बताया कि जिनका मोबाइल नंबर टैग नहीं हुआ है वह संबंधित बिजली ऑफिस जाकर कंज्यूमर नंबर के साथ अपना मोबाइल नंबर टैग करा लें, ताकि वाट्सएप पर भी सेवा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से बिजली राजस्व का काम देख रही एचसीएल की सेवा अब समाप्त कर दी गयी है। अब जेबीवीएनएल राजस्व के सारे काम को अपने हाथ में ले रहा है। इसी कड़ी में रांची में लगे स्मार्ट मीटर को प्रीपेड किया जायेगा। इसे डिवीजन वाइज अलग-अलग चरणों में किया जायेगा। रांची में अब तक 2.5 लाख घरों में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं।

इनरव्हील क्लब रांची को मिला बेस्ट क्लब का अवार्ड

पुरस्कार के साथ इनरव्हील क्लब की सदस्य । ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा, रांची को बेस्ट क्लब का अवॉर्ड मिला है। यह अवॉर्ड जमशेदपुर में आयोजित दो दिवसीय डिस्ट्रिक्ट असेंबली में दिया गया। वहीं बेस्ट प्रेसिडेंट और बेस्ट ट्रायल बेलेजर वर्टीकल का खिताब माला श्रीवास्तव को मिला है। जबकि बेस्ट सेक्रेटरी का अवॉर्ड सोमा भादुड़ी को दिया गया। इसके अलावा बेस्ट कोषाध्यक्ष नीता शेखर और बेस्ट आइएसओ का अवॉर्ड अर्चना त्रिवेदी को मिला। बता दें कि इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा का कारवां बढ़ता ही जा रहा है। क्लब ने अपने कामकाज के जरिये राज्यभर में अपनी पहचान बना ली है। क्लब का गरीब असहाय लोगों की मदद करने के साथ-साथ कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक करने का भी सिलसिला जारी है। अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट के तहत गरीब-गुरबों को भोजन कराया जा रहा है। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के बीच आवश्यक सामग्रियों का भी वितरण किया जा रहा है।

गैंगस्टर अमन साव का गुर्गा मयंक बना गिरोह का सरगना

RANCHI : गिरिडीह जेल अधीक्षक के परिवार पर गोलीबारी की साजिश रचने का खुलासा होने के बाद कुख्यात अमन साहू के गुर्गे मयंक सिंह ने कहा है कि गिरिडीह जेल सुपरिटेंडेंट और जेलर ने अमन साहू को बदनाम करने और झूठे केस में फंसाने का प्रयास किया। अमन साहू को गिरिडीह जेल में जेल मैनुअल के हिसाब से नहीं रखा जाता है। उन्हें जेल में बहुत ज्यादा प्रताड़ित किया जाता है। मयंक सिंह ने कहा है कि अमन साहू को परेशान और प्रताड़ित करने वाले को वह दंडित करेगा। मयंक सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि अमन साहू सिर्फ उसका बॉस ही नहीं, उसके लिए भगवान से बढ़कर है। गिरोह से उसका पूर्व में रिश्ता बहुत अच्छा रहा था। यह बात सत्य है। अमन साहू और उनके गिरोह का सारा काम वह देखता है।

जेवर दुकानदार प्रतिष्ठानों में लगाएं अलार्म और सीसीटीवी : एसएसपी

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची में स्थित ज्वेलर्स प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर और पुख्ता बनाने के लिए रविवार को रांची एसएसपी ने जेवर दुकानदारों से गहन मंथन किया। जेवर दुकानदारों के साथ बैठकर रांची एसएसपी ने कारोबारी के लिए राजधानी में भय मुक्त वातावरण कैसे बनाया जाए, इसकी रणनीति तैयार की।

सभी ज्वेलर्स प्रतिष्ठानों के मालिक और प्रतिनिधियों के साथ रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में हाल के दिनों में जो घटनाएं घटी हैं, उसे लेकर भी चर्चा की गई। भविष्य में जेवर दुकानों में लूट की घटना को अपराधी अंजाम न दे पाए। इसे लेकर ज्वेलर्स प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने सीनियर एसपी को कई सुझाव दिए। वहीं दूसरी तरफ रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया जेवर दुकान को निशाना बनाने वाले अपराधियों की एक लिस्ट तैयार की गई है, जिन पर पूरी तरह से निगरानी रखी जा रही है। जेवर कारोबारी से भी यह कहा गया है कि वह किसी संदिग्ध व्यक्ति को अगर अपने प्रतिष्ठान के आसपास लगातार देख रहे हैं तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें। इस बैठक के दौरान रांची के सीनियर एसपी ने सभी जेवर दुकानदारों से यह अपील की है कि वह अपने-अपने प्रतिष्ठानों में उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे जरूर लगाएं। केवल दुकान के अंदर ही कमरे ना लगे बल्कि आसपास भी कैमरे लगाए ताकि अगर कोई संदिग्ध दिखे तो उसकी पहचान की जा सके। चोरी के गहनों को लेकर भी बड़े ही स्पष्ट निर्देश दिए हैं। हाल के दिनों में एक दर्जन से ज्यादा जेवर दुकान में काम करने वाले या फिर जेवर दुकानदार चोरी के गहने खरीदने के आरोप में जेल भेजे गए हैं।

जेवर दुकानदारों के साथ बैठक करते एसएसपी। ● फोटोन न्यूज

शिविर में लोगों की हुई निःशुल्क स्वास्थ्य जांच

PHOTON NEWS RANCHI : निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन आरसी मिशन स्कूल हिंदपीढ़ी रांची में अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन के द्वारा किया गया। जिसमें 200 से ज्यादा लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। वहीं आवश्यक दवाइयां भी निशुल्क दी गई। उक्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सैमफोर्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया। शिविर में सैमफोर्ड हॉस्पिटल के निवरो सर्जन डॉक्टर युवराज लहरी, आंख के डाक्टर उत्पला चक्रवर्ती, जनरल फिजिशियन डाक्टर इरफान आलम, हॉस्पिटल के डेवलपर्स शाहबाज, आ जनता फार्मा के मो शाहबाज थे। मो अनवर खान कहा कि लोगों को अपनी स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए।

बाहर ले जाए जा रहे 4018 किग्रा डोडा को पुलिस ने किया जब्त, चालक अरेस्ट

PHOTON NEWS RANCHI : रांची पुलिस ने भारी मात्रा में डोडा के साथ राजस्थान के डोडा तस्कर राकेश बिश्रोई को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर राजस्थान के जोधपुर जिले के भोपालगढ़ थाना स्थित अरटिया खुर्द गांव का रहनेवाला है। इसके पास से डोडा 4018 किलोग्राम, कन्टेनर ट्रक-01 (एचआर 38एस 4743), दो मोबाईल और चावल से संबंधित फर्जी दस्तावेज बरामद किए गए हैं। डीएसपी अमर कुमार पांडे ने रविवार को बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को एनएच-33 मुख्य सड़क के रास्ते तमाड़ की ओर से नामकुम की ओर एक अफीम डोडा लदा कन्टेनर आने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामकुम थाना के रामपुर स्थित टाटा रोड पंजाबी ढाबा के पास वाहन चेकिंग लगाकर कन्टेनर ट्रक को पकड़ा । वाहन चालक से पूछताछ करने पर उसके द्वारा वाहन में चावल लदे होने की बात कही गयी। मां दीवारी राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड और लुधियाना ट्रांसपोर्ट का दस्तावेज प्रस्तुत किया गया, जिसे देखने से संबंधित कागजात चावल से संबंधित होना पाया गया, लेकिन वाहन का भौतिक निरीक्षण करने पर ट्रक में डोडा से भरा हुआ 198 प्लास्टिक बोरा पाया गया। छापेमारी टीम को स्पष्ट हो गया कि डोडा आपूर्तिकताओं और तस्करों के जरिये षडयंत्र पूर्वक चावल का फर्जी कागजात बनाकर उसके स्थान पर अफीम डोडा का अवैध व्यापार, परिवहन और तस्करी किया जा रहा है।

जब्त डोडा। ● फोटोन न्यूज

एसएसपी ने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को दिए दिशा-निर्देश

PHOTON NEWS RANCHI : कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एसएसपी चंदन सिन्हा ने ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को कई दिशा-निर्देश दिये। साथ ही एसएसपी ने ट्रैफिक पुलिस के जवानों के बीच रेनकोट का वितरण किया, ताकि बरसात में बिना भींगे सभी ड्यूटी कर सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसएसपी कहा कि राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए बेहतर तरीके से ड्यूटी करनी होगी। एसएसपी ने कहा कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था तभी बेहतर होगी जब कर्मी स्वस्थ रहेंगे।

युवा शक्ति से गांवों को बदलने का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया आह्वान, कहा-

महीने में कम से कम 24 घंटे गांव को दें

PHOTON NEWS RANCHI : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने युवाओं से आह्वान किया है कि वे गांव में बदलाव के वाहक बनें। गांवों में नवजीवन लाने का आह्वान करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर रविवार को कहा कि इसके लिए संघ की ओर से व्यापक अभियान चलाया जाएगा। झारखंड की राजधानी रांची में चल रही संघ की बैठक के दौरान प्रचार प्रमुख ने कई मुद्दों पर बात की। उन्होंने धर्मांतरण से लेकर लोकसभा के चुनाव परिणाम पर बात की और संघ के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी। संघ के प्रचार प्रमुख ने कहा कि इस साल संघ के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 20 हजार से अधिक युवाओं ने भाग लिया। लोकसभा चुनाव के परिणाम के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जनता ने अपना फैसला दिया है। जनता का जो फैसला है, उसी के अनुरूप पार्टियां सरकार चला रहीं हैं। संघ के प्रचार प्रमुख ने धर्मांतरण के खिलाफ सख्त कानून की मांग की है। कहा कि जिन राज्यों में धर्मांतरण के खिलाफ कानून पहले से मौजूद हैं, वहां उसका क्रियान्वयन हो और दोषी लोगों पर सख्त कार्रवाई हो।

बैठक में शामिल अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर व अन्य।

रांची में संघ के शताब्दी वर्ष की कार्ययोजना पर मंथन

12 जुलाई से रांची के सरला बिरला विवि में प्रांत प्रचारकों, सह प्रांत प्राचरकों, क्षेत्र प्रचारकों और अखिल भारतीय कार्यकारिणी के कार्यकताओं की बैठक शुरू हुई थी। इस बैठक का आज आखिरी दिन था। बैठक के बाद आंबेकर ने पत्रकारों को संबोधित किया। संघ के शताब्दी वर्ष (2025-26) में देश भर में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी रांची में ही तैयार की जाएगी। सरसंघचालक मोहन भागवत की उपस्थिति में संघ की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा होगी।

झारखंड जदयू ने 12 सीटों पर चुनाव लड़ने का केंद्रीय नेतृत्व को भेजा प्रस्ताव

RANCHI : झारखंड में जदयू अपनी अस्तित्व को बचाने की कोशिशों में जुटी हुई है। साल के अंत में होने वाले चुनाव के लिए जदयू ने 12 सीटों को चिन्हित किया है। ये सभी वैसी सीटें हैं जहां बीजेपी या तो कमजोर स्थिति में है या वर्तमान में उसकी सीटें नहीं हैं। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो का कहना है कि झारखंड में जिन सीटों को चिन्हित किया गया है, उन पर अंतिम मुहर पार्टी की शीर्ष नेतृत्व लगाएगा। उन्होंने कहा कि मांडू, गिरिडीह, डुमरी, जमशेदपुर पूर्वी जैसी कई सीटें हैं, जिन पर पार्टी मजबूत स्थिति में है। हाल ही में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने साफ तौर पर इस बात के संकेत दिए थे कि झारखंड में पार्टी एनडीए में रहते हुए अन्य सहयोगी दलों के साथ तालमेल बिठाकर ही चुनाव लड़ेगी।

'इमाम हुसैन की अजमत से कोई भी मुसलमान नहीं कर सकता इनकार'

PHOTON NEWS RANCHI : इमामे हुसैन जिसने कर्बला में अपने नाना के दीन(मजहब इस्लाम) को बचाने के लिए अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया। वो हुसैन जिसने अपनी जान देकर नमाज को बचाया। वो हुसैन जिसने अपनी जान देकर दीन ए इस्लाम को बचाया। वो हुसैन जिसने अपने 72 साथियों को लेकर हजारों लश्कर पर भारी पड़ गया। वो हुसैन जिसने अल्लाह की रजा के लिए सजदे की हालत में शहीद हो गए। उक्त बातें ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन सह मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कही। वह रविवार को सातवी मोहर्रम के अवसर पर शहर के मकबूल युवा समाजसेवी सह समाजवादी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सैयद शाहरुख हसन रिजवी पिता स्वर्गीय सैयद हसन अली रिजवी के कांके हुसीर आवास पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। मजलिस में आए हुए सभी लोगों का स्वागत सैयद शाहरुख हसन रिजवी ने किया। मजलिस की शुरूआत मौलाना बाकर राजा दानिश के तिलावते कुरान से हुआ। मौके पर इकबाल हुसैन, सैयद फराज अब्बास, शाहरुख रिजवी, जीशान हैदर, नूरी मस्जिद के इमाम मौलाना जैनुल आबिदीन, मौलाना नुरुल्लाह, मौलाना सईद अहसन, सैयद फराज अब्बास, सैयद शजर हसन रिजवी, सैयद सद्रुद्दीन शाहनवाज, समेत सैंकड़ों लोग थे।

मजलिस में शामिल लोग। ● फोटोन न्यूज

BRIEF NEWS

बुद्धिजीवी मंच ने निकाली शिक्षा जागरूकता रैली

NAWADA : नवादा जिले के अकबरपुर प्रखंड स्थित तेयार कस्बा में रविवार को बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डॉ सुनीति कुमार के नेतृत्व में शिक्षा जागरूकता रैली का आयोजन कर बच्चों को स्कूल भेजने का संकल्प दिलाया गया ।कलाकारों ने प्रेरणा गीत के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा का महत्व भी बताया । इससे पूर्व भी इस गांव में 3 बार यह कार्यकर्म किया जा चुका है। डॉ सुनीति के साथ ही बुद्धिजीवी विचार मंच के संयोजन अवधेश कुमार, बुजुर्ग रामलखन प्रसाद , पवन कुमार, उदय शंकर सिंह, दिलीप पासवान, अभिनाश कुमार, व्यास यादव ,गायक चंदेश्वर यादव एवं नरेश राजवंशी, तेयार के शिक्षक जन्मेजय गिरी आदि ने भाग लिया। बच्चों को एकत्रित करने का काम जन्मेजय गिरी ने किया। बरसात के मौसम होने के वाबजूद बच्चों, बुजुर्ग एवं महिलाओं की संख्या बहुत अच्छी थी। गीत और स्लोगन गाते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया। सभी लोग बहुत प्रभावित दिखे। अवधेश बाबू ओर मैं अपने-अपने विचार रखे। चंदेश्वर यादव, नरेश राजवंशी एवं अभिनाश कुमार के गीत सबों को बांधे रखा एवं सोचने पर बाध्य किया कि बच्चों को पढ़ाना बहुत जरूरी है।

डीएम से की फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी की शिकायत

ARARIA : अररिया में सहायक शिक्षक पर फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी का मामला सामने आया है। बिहार विकास युवा मोर्च के अध्यक्ष सह आरटीआई एक्टिविस्ट प्रसेनजीत कृष्ण ने इस संबंध में अररिया डीएम से शिकायत की है। उनका आरोप है कि मध्य विद्यालय खैरखा फारबिसगंज के सहायक शिक्षक मो मुश्ताक आलम ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी ली है। बिहार विकास युवा मोर्च के अध्यक्ष सह आरटीआई एक्टिविस्ट प्रसेनजीत कृष्ण ने अररिया डीएम को दिए गए आवेदन में बताया है कि मोहम्मद मुस्ताक आलम, पिता स्वर्गीय खलील ₹शेख₹ जाति से आते हैं लेकिन, साल 2005 में मो मुस्ताक आलम ने प्रखंड शिक्षक के रूप में फर्जी जाति प्रमाण पत्र में धुनिया जाति का लगाकर नौकरी प्राप्त कर लिया।उनका खतियान, केवाला और जमीन का रसीद में जाति में शेख दर्ज है। इन्होंने किस आधार पर धुनिया जाति प्रमाण पत्र बनाया है। यह जांच का विषय है। प्रसेनजीत कृष्ण ने कहा कि मुस्ताक आलम पूर्व में भी फर्जी वाड़ा करके एक नेपाली नागरिक को अपना भाई बताकर फर्जी पासपोर्ट बनवा लिया था। अब यह मामला पूर्व में उजागर हो चुका है। साथ ही उन्होंने कहा है कि सही से जांच हो तो ऐसे कई मामले सामने आ सकते हैं। बिहार विकास युवा मोर्च के अध्यक्ष कृष्ण ने मो मुस्ताक आलम के दस्तावेज की जांच फारबिसगंज अनुमंडल पदाधिकारी से कराकर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग डीएम से की है।

अररिया से पश्चिम बंगाल के बागड़ोगरा जा रहे थे सभी लोग

किशनगंज में दो वाहनों की टक्कर में पांच लोगों की मौत

AGENCY KISHANGUNJ : बिहार के किशनगंज जिले के पौआखाली नगर पंचायत के पेटभरी के पास एनएच-327ई पर रविवार को स्कॉर्पियो और डंपर की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि डंपर का चालक घायल हो गया। सभी मृतक अररिया जिले के जोकिहाठ प्रखंड के थपकौल के निवासी थे। ये लोग अररिया से पश्चिम बंगाल के बागड़ोगरा जा रहे थे। स्कार्पियो में एक बच्ची समेत पांच लोग सवार थे, जिनमें सभी की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार स्थानीय प्रशासन और जनता के सहयोग से तुरंत ही घायल को एमजीएम अस्पताल भेजा गया। किशनगंज की जिलाधिकारी नताशा तुषार सिंगला ने इस घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दुख के इस घड़ी में जिला प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और हर सम्भव मदद के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि ऊपरी जिला परिवहन अधिकारी घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं। अनुमंडलीय किशनगंज, कार्यपालकेडी, ठाकुरगंज, रेड क्रॉस के अधिकारी को एमजीएम अस्पताल में उपस्थित रहकर लगातार स्थिति पर नजर रखने एवं आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। पीड़ित परिवार को अविलंब सड़क दुर्घटना में मिलने वाली क्षतिपूर्ति देने की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए संबंधित को आवश्यक निर्देश दिया जा चुका है। नताशा ने बताया कि सड़क सुरक्षा के संबंध में एनएच खतरे के पीडी से दूरभाष पर बात की है। बताया गया है कि सड़क सुरक्षा को और अधिक बेहतर एवं प्रभावी बनाने पर अविलंब कार्रवाई की जाएगी। एनएच 8 के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूरी टीम कल पहुंचेगी और इस नए हाईवे पर आकलन किया जाएगा तथा अधिक स्थानों पर रंबल पट्टी, कैमरा आदि के अधिष्ठापन की कार्रवाई की जाएगी।

बकाया रुपये मांगने पर युवक की पीटकर हत्या

NAWADA : नवादा में अपना बकाया रुपया मांगना एक युवक को रविवार को महंगा पड़ा । रुपए मांगने पर बकायादारों ने युवक को लाठी -डंडों से पीट -पीटकर हत्या कर ढ़ी है। जिसके बाद सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस मामले को लेकर पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। यह घटना नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के कुज्झा गांव की है। घटना के बाद परिजन में कोहराम मचा गया। मृतक युवक कुज्झा गांव निवासी गंगा चौहान का पुत्र बजरंगी चौहान है। मृतक के भतीजा ने बताया कि उनके चाचा का गांव के हीं रवि कुमार के यहां मजदूरी का रुपया बाकी था, जिसे वह मांगने गया था। रुपए मांगने पर वह आगबबूला हो गया ।बकाया रुपया नहीं दिया और उल्टा उसे गाली -गलौज देने लगा, जिसका विरोध करने पर उसके साथ लाठी -डंडे और लोहे के राड से जमकर पीटाई किया गया, जिसके बाद उसकी मौत हो गयी।

एसएसबी व नेपाल एपीएफ के जवानों ने की संयुक्त गश्ती

AGENCY ARARIA : जोगबनी के भारत नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी व नेपाल के आर्म्स फोर्स के द्वारा सीमा सुरक्षा, बंधुत्व व सेवा भाव के साथ संयुक्त रूप से गश्ती की गई। गश्ती का मुख्य उद्देश्य सीमा स्तम्भों के रख रखाव व सीमा क्षेत्र से असामाजिक तत्वों को दूर रखते हुए सीमा की सुरक्षा करना है। वही, यह गश्ती जोगबनी के चाणक्य चौंक स्थित पीलर संख्या 179/2 से शुरू कर मुख्य नाका होते हुए पीलर संख्या 180/2 टिकुलिया बस्ती तक किया गया। इस संयुक्त अभियान की कमांड एसएसबी जोगबनी प्रभारी इंस्पेक्टर पशुपति सिंह व एपीएफ इंस्पेक्टर किरण नेपाल ने किया। इस दौरान अधिकारियों ने पिलर की स्थिति से अवगत होकर फोटोग्राफी भी किया। इस गस्ती में शामिल अधिकारियों ने बताया कि ज्वाइंट पेट्रोलिंग का उद्देश तस्करों, सीमा पर सक्रिय असमाजिक तत्व में भय पैदा करना है और उन्होंने कहा कि संयुक्त गश्ती हर महीने में दो बार किया जाता है और जिससे दोनों देश के सुरक्षा को लेकर आपसी सामंजस्य और कोई तरह की वातार्लाप और सूचना का आपस में आदान-प्रदान कर सके।

नवादा सदर अस्पताल में छापेमारी दलालों की 9 अवैध एंबुलेंस बरामद

AGENCY NAWADA : नवादा सदर अस्पताल में देर रात्रि जिला प्रसाशन के अधिकारियों ने सदर एसडीओ अखिलेश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बगैर सूचना दिए छापा मारा,जिसके बाद पूरे अस्पताल परिसर में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया।सबसे ज्यादा निजी एम्बुलेंस चालको एवं दलालों में हड़कंप मच गया। नवादा सदर एसडीएम अखिलेश कुमार ने रविवार को बताया कि डीटीओ सहित तीन सीनियर डिप्टी कलेक्टर की संयुक्त टीम ने सदरअस्पताल में देर रात छापा मारा।जहां निरीक्षण के दौरान सदर अस्पताल परिसर में दलालों के 9 अवैध रूप से निजी एंबुलेंस को जब्त किया गया है।कार्रवाई के दौरान सभी एंबुलेंस के ड्राइवर मौके से फरार हो गये। जिला प्रशासन ने सभी एम्बुलेंस के टायर का हवा निकाल दिया और डीटीओ को सभी एंबुलेंस को जप्त करने का आदेश दिया।साथ ही साथ उन सभी एम्बुलेंस मालिक पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। संयुक्त टीम ने अस्पताल के सभी हिस्सों का निरीक्षण किया ।जहां मौके पर खामियां पाए गए।जांच के दौरान अस्पताल की सुरक्षा में लगे कई गार्ड अनुपस्थित पाए गए।वैसे अनुपस्थित गार्ड पर कार्रवाई का आदेश दिया गया । साथही सिक्योरिटी एजेंसी से भी स्पस्टीकरण मांगा गया।अस्पताल में एक बार फिर से साफ सफाई की व्यवस्था खराब दिखाई दी । जिस पर उन्होंने डीपीएम एवं हॉस्पिटल मैनेजर को कड़ी फटकार भी लगाई।यह कार्रवाई जिलाधिकारी के आदेश पर किया गया था।

सदर अस्पताल में छापेमारी करने पहुंची टीम।

बेगूसराय में बलान नदी में 4 छात्राएं डूबीं, एक की मौत

PATNA : बिहार के बेगूसराय में बलान नदी की धारा में रविवार को चार छात्राए बह गई, जिसमें से तीन को स्थानीय लोगों की मदद से बचा लिया गया जबकि एक छात्रा की मौत हो गई है। हादसा बलान नदी में स्नान करने के दौरान हुआ। घटना तेघड़ा थाना क्षेत्र के खिदिरचक बलान नदी की है। नदी में स्नान करने के दौरान एक छात्रा गहरे पानी में चली गयी। उसे बचाने के लिए बाकी तीन छात्राएं भी गहरे पानी में चली गईं। सभी चार छात्राओं को डूबते देख जब शोर हुआ तो स्थानीय लोगों ने तीन छात्राओं को किसी तरह डूबने से बचा लिया लेकिन एक छात्रा गहरे पानी में चली गई, जिससे उसकी मौत हो गई। मृत छात्रा की पहचान खिदिरचक गांव निवासी रंजीत सिंह की बेटी लक्ष्मी कुमारी के रूप में की गई है। वह 12वीं की छात्रा थी।

आरएसएस की साप्ताहिक शाखा में एकात्मता स्त्रोत पर की गई चर्चा

AGENCY SAHARSA : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में रविवार को महावीर चौक स्थित मंदिर परिसर में साप्ताहिक शाखा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य शिक्षक सुभाष चंद्र झा के निर्देशन में एकात्मता स्त्रोत, एकात्मता वैदिक मंत्र, सूर्य नमस्कार मंत्र, अमृत वचन, सुभाषित,गीत बौद्धिक एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवा प्रमुख डॉक्टर मुरारी कुमार के द्वारा सूक्ष्म योग एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। साथ ही एकात्मता स्त्रोत पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सृष्टि प्रकृति से बनी हुई है। प्रकृति के बिना मनुष्य या किसी भी जीव जंतु पहाड़ नदी एवं पेड़ पौधे का कोई अस्तित्व नहीं है। प्रकृति से ही ग्रह

नक्षत्र लोक एवं परलोक तथा काल का संचालन होता है। इसीलिए सनातन धर्म में बताया गया कि सृष्टि के कण-कण में व्याप्त सभी पदार्थों में प्राण होते हैं चाहे वह संजीव हो या निर्जीव। इसीलिए हमारे पूर्वजों ने प्रकृति की हर वस्तु को धर्म से जोड़ते हुए इसकी पूजा अर्चना की। भारतीय ऋषि मुनि एवं मनुष्यों ने सदैव प्रकृति की रक्षा की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा किसी व्यक्ति को गुरु ना मानकर तत्व रूपी भगवा ध्वज को अपना गुरु मानते हैं। इसीलिए हर स्वयंसेवक गुरु पूर्णिमा के दिन भगवा ध्वज के समक्ष अपनी समर्पण राशि समर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया जाएगा।

किसान की बेटी शुभांगी प्रिया पहले प्रयास में ही बन गई सीए

AGENCY SAHARSA : जिले के सलखुआ प्रखंड मुख्यालय स्थित कन्या मध्य विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका सीमा गुप्ता की पुत्री शुभांगी ने पहली प्रयास में सीए की परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार व गांव समाज का मान बढ़ाया है। उसकी सफलता से घर सहित आसपास में खुशी का माहौल है और बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। शुभांगी की माता सीमा गुप्ता व पिता पवन कुमार चौधरी ने बताया कि वह बचपन से ही मेधावी थी। शुभांगी की प्राईमरी से दसवीं वर्ग तक की शिक्षा किड केयर सहरसा तथा इंटर पटना से पास की। उसके बाद डीयू से बीकॉम कर दिल्ली के लक्ष्मीनगर शकरपुर में रहकर अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित चार्टेड अकाउंटेंट परीक्षा 2024 में पहली प्रयास में परचम लहराया। शुभांगी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व शिक्षक के मार्गदर्शन को दिया। शुभांगी कहती है अगर कोई भी छात्र मन मे ठान कड़ी मेहनत करे तो कोई भी परीक्षा कठिन नहीं होता। शुभांगी के पिता किसान तथा बड़े भाई आदर्श गौरव कोलकाता में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। शुभांगी का पूरा परिवार मिशन कम्पाउंड सहरसा में रहता है।

स्काउट गाइड की ओर से वन महोत्सव का आयोजन, किया गया पौधारोपण

AGENCY ARARIA : बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड के बैनर तले रविवार को स्काउट गाइड की ओर से फारबिसगंज के प्लस टू स्तरीय ली अकादमी परिसर में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम क्लैप (क्लाइमेट लीडर एक्सन प्लान) प्रोजेक्ट के तहत आयोजित की गई। जिसमें दर्जनों स्काउट गाइड वृक्षारोपण के साथ हाथों में जागरूकता से संबंधित बैनर लेकर जागरूकता का मैसेज दे रहे थे। मौके पर अररिया के भारत स्काउट और गाइड के उपसभापति सह ली अकादमी के प्राचार्य तेज बहादुर सिंह, भारत स्काउट और गाइड के जिला आयुक्त स्काउट व्यस्क संसाधन श्रीकुमार ठाकुर, जिला संगठन आयुक्त स्काउट बैजनाथ प्रसाद एवं स्काउट लीडर मो. शाहिद आलम और बच्चों के द्वारा संयुक्त रूप से वृक्षारोपण किया गया। मौके पर उपसभापति तेज बहादुर सिंह ने बताया कि पेड़ पृथ्वी पर सबसे आवश्यक संसाधन है। क्योंकि वह कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करके ऑक्सीजन का उत्पादन करके, जैव विविधता को बनाए रखने और मिट्टी के कटाव को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।वहीं जिला आयुक्त स्काउट व्यस्क संसाधन श्रीकुमार ठाकुर ने बताया कि वन महोत्सव वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए आयोजित है।ग्लोबल वार्मिंग और जैव विविधता और पर्यावरण को बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक संख्या पेड़ लगाने की वकालत पर जोड़ दिया।जिला संगठन आयुक्त स्काउट बैजनाथ प्रसाद ने बताया कि वन महोत्सव एक त्यौहार है। जिनकी शुरूआत 1950 ई के दशक में तत्कालीन और पहले केंद्रीय कृषि मंत्री के. एम. मुंशी ने नागरिकों में पर्यावरण संबंधी जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने और वनों की कटाई से निपटने के लिए की थी। मौके पर राज्य पुरस्कार से सम्मानित मो सब्दुल आलम के साथ प्रेम कुमार मो कबीर, रमजानी,दीपेन कुमार, मिथिलेश कुमार, अंश कुमार, विशाल, सूरज, रवि, उषा कुमारी आदि मौजूद थे।

पौधारोपण करते लोग।

बीसीए में नए नामांकन के लिए हुआ एंट्रेंस एग्जाम

परीक्षा देते विद्यार्थी।

AGENCY SAHARSA : एमएलटी कॉलेज बीसीए में नए नामांकन हेतु रविवार को एंट्रेंस एग्जाम आयोजित किया गया। एंट्रेंस एग्जाम में लगभग एक सौ छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें से 60 छात्र-छात्राओं को नामांकन हेतु चयनित किया जाएगा।बीसीए कोर्डिनेटर डॉ.संजीव कुमार झा ने बताया कि बीसीए द्वारा आयोजित एंट्रेंस एग्जाम का परिणाम एक सप्ताह के अंदर प्रकाशित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एंट्रेंस एग्जाम में सफल छात्र-छात्राओं का नामांकन लिया जाएगा। बीसीए में 3 साल का कोर्स होता है। बीसीए के नए सत्र के लिए प्रत्येक वर्ष एंट्रेंस एग्जाम लिया जाता है। जिसमें सफल छात्रों का ही नामांकन दाखिल किया जाता है। एंट्रेंस एग्जाम को सफल बनाने में कार्यालय सहायक संजीव कुमार झा, शिक्षक आदेश चौहान, निखिल कुमार, आशीष कुमार, परमेश्वर कुमार, रौनक कुमार, अतुल कुमार सिंह सहित अन्य शामिल थे।

100 एकड़ में खेती का प्रत्यक्षण किसानों के बीच कराने का लक्ष्य, परसौनी केंद्र में शुरू हुई कवायद

पूर्वी चंपारण में शुरू होगी सोयाबीन की खेती

AGENCY E. CHAMPARAN : मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, कर्नाटक राजस्थान, गुजरात एवं आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों की तर्ज पर बिहार में भी सोयाबीन की खेती को बढावा देने के लिए पूर्वी चंपारण जिले के परसौनी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र ने कवायद शुरू कर दी है। इसको लेकर केन्द्र समूह अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण के अंतर्गत लगभग 100 एकड़ क्षेत्रफल में सोयाबीन की खेती का प्रत्यक्षण किसानों के बीच कराने जा रहा है। इसकी जानकारी देते केविके परसौनी के विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि अभियंत्रण) डॉ.अंशु गंगवार ने बताया कि सोयाबीन की बुआई का मौसम शुरू हो चुका है। जुलाई महीने के मध्य तक सोयाबीन की बुआई की जा सकती है। उन्होंने बताया कि

सोयाबीन एक प्रमुख प्रोटीन स्त्रोत वाले उत्पाद के तौर पर जाना जाता है। सोयाबीन को स्वर्ण सेम के नाम से भी जानते हैं। सोयाबीन की उपयोग की बात करें तो इसे पनीर बनाने, सोया मिल्क बनाने, सोयाबड़ी बनाने, सोयाबीन तेल आदि कई खाद्य पदार्थ के रूप में किया जाता है। सोयाबीन में 36 से 42 प्रतिशत तक प्रोटीन और 15 से 25 प्रतिशत तक तेल की मात्रा पाई जाती है। यही वजह है कि सोयाबीन का उपयोग खाद्य तेल, प्रोटीन स्त्रोत और सब्जी, पनीर आदि के रूप में भी किया जाता है। इसलिए सोयाबीन की खेती करना किसानों के लिए मुनाफे का सौदा हो सकता है। मृदा विशेषज्ञ डॉ. आशीष राय ने बताया कि सोयाबीन को दलहन और तिलहन दोनों के रुप में उगाया जाता है। इस फसल को उगाने के लिए दोमट मिट्टी, बलुई दोमट मिट्टी बहुत उपयुक्त होती है। मिट्टी का पीएच स्तर आदर्श रूप से 6.5 से 7.5 के बीच होना चाहिए। उन्होंने किसानों को सलाह देते कहा कि इसके खेती के पूर्व मिट्टी की जांच जरूरी है।इसके अलावा इस फसल को उन खेतों में लगाना चाहिए जहां जल निकासी की व्यवस्था काफी बेहतर हो, क्योंकि पानी लगने से सोयाबीन की फसल खेतो में ही खड़े-खड़े खराब हो जाती है। चूंकि यह दलहन के भी गुण रखती है तो बुवाई से पूर्व बीज का उपचार अत्यंत आवश्यक है इसके लिए ट्राईकोडर्मा या राईजोबियम या पी.एस.बी.कल्चर 5 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज के लिए उपयोग किया जाना चाहिए जिससे जड़ों में नोड्यूल बनते हैं और नाईट्रोजन का प्रयोग खेत में कम करना पड़ता है।

किसानों को लाभ

सोयाबीन तिलहन की फसल होने के साथ साथ इसमें दलहनी गुण भी होता है अतः यह फसल खेतों में नत्रजन एकत्रीकरण करने में मददगार होती है। जिससे खेत की उर्वरा शक्ति बढती है। इसमें प्रोटीन की अधिकता होने के कारण यह विशेष रूप से प्रोटीन की कमी से होने वाली कुपोषणता को दूर करने में सहायक हो सकती है। सोयाबीन का सेवन न केवल शरीर की कोशिकाओं के विकास और मरम्मत में मदद करता है, बल्कि मानसिक संतुलन को बेहतर बनाने और दिमाग को तेज करने में भी सहायक है।

सारण में फिर डराने लगा गंडक का बढ़ता जलस्तर, निचले इलाकों में फैला पानी

AGENCY SARAN : पिछले तीन दिनों से गंडक नदी के जलस्तर में कमी के बाद एक बार फिर से बढ़ते जलस्तर ने सारण तटबंध के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। एक सप्ताह पहले बाढ़ की आशंका से डरे पृथ्वीपुर, सोनवर्षा, बसहिया, रामपुररुद्र आदि गांवों के निवासी जलस्तर में कमी होने से राहत महसूस कर रहे थे, लेकिन गंडक के बढ़ते जलस्तर ने फिर से उनकी चिंता बढ़ा दी है। सारण तटबंध के निचले इलाकों के ग्रामीणों ने बताया कि एक सप्ताह पहले आए पानी से इस बार पानी में ज्यादा बढ़ोतरी हुई है, जिसके कारण बाढ़ की समस्या उत्पन्न हो गई है। जल संसाधन विभाग के एसडीओ कमलेश कुमार ने बताया कि वाल्मीकिनगर बराज से डिस्चार्ज किए गए पानी के स्तर में वृद्धि के बाद रविवार से इसमें फिर कमी आई है, जिससे अगले 24

घंटे के बाद जलस्तर में कमी आने लगेगी। उन्होंने बताया कि जल संसाधन विभाग के पदाधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सारण तटबंध की लगातार निगरानी की जा रही है। लोगों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। वाल्मीकिनगर बराज से गंडक नदी में करीब तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिसके बाद तरैया थाना क्षेत्र के सारण तटबंध के पूर्वी भाग में दियारा क्षेत्र में स्थित सगुनी, शामपुर, जिमदाहा, अरदेवा, शीतलपुर, बनिया हसनपुर, चंचलिया बिंद टोली, साव बस्ती में पानी काफी तेजी से फैल रहा है। गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण चंचलिया दियारा क्षेत्र में स्थित चंचलिया मुखिया नंदकिशोर साह और उनकी बस्ती के करीब 70 लोगों का घर चारों तरफ से पानी से घिरा हुआ है। गंडक में जब भी उफान या बाढ़ आती है, तो सबसे पहले तरैया प्रखंड के चंचलिया दियारा में रहने वाले लोग प्रभावित होते हैं।

क्या हिंदू धर्म में हैं 33 करोड देवी-देवता

हिंदू धर्म के बारे में कई ऐसी जानकारियां हैं जो बहुत ज्यादा लोगों को पता नहीं है। ऐसे में कुछ खास और गूढ जानकारियों को हम आपके साथ बांट रहे हैं

देवभाषा संस्कृत में कोटि के दो अर्थ होते है, कोटि का मतलब प्रकार होता है और एक अर्थ करोड़ भी होता। हिन्दू धर्म का दुष्प्रचार करने के लिए ये बात उडाई गयी है कि हिन्दुओ के 33 करोड़ देवी देवता हैं। विद्वानों के अनुसार कुल 33 प्रकार के देवी देवता हैं हिंदू धर्म में – 12 प्रकार हैं आदित्य– धाता, मित, आर्यमा, शक्रा, वरुण, अँश, भाग, विवास्वान, पूष, सविता, तवास्था, और विष्णु...! 8 प्रकार में हैं वासु– , धर, ध्रुव, सोम, अह, अनिल, अनल, प्रत्युष और प्रभाष। 11 प्रकार हैँ– रुद्र, हर, बहुरुप,त्रयँबक,अपराजिता, बृषाकापि, शँभू, कपार्दी, रेवात, मृगव्याध, शर्वा, और कपाली एवं दो प्रकार हैं अश्विनी और कुमार। कुल- 12+8+11+2=33

भारतीय संस्कृति के बारे में कुछ और भी जानना उचित रहेगा–

दो पक्ष– कृष्ण पक्ष, शुक्ल पक्ष।

तीन ऋण –देव ऋण, पितृ ऋण, ऋषि ऋण।

चार युग – सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग, कलियुग

चार धाम – द्वारिका, बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम धाम

चारपीठ – शारदा पीठ (द्वारिका), ज्योतिष पीठ (जोशीमठ बद्रिधाम), गोवर्धन पीठ (जगन्नाथपुरी), श्रन्गेरिपीठ!

चार वेद– ऋग्वेद, अथर्वेद, यजुर्वेद, सामवेद! चार आश्रम – ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ, संन्यास!

चार अंत:करण – मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार!

पंच गव्य – गाय का घी, दूध, दही,गोमूत्र, गोबर!

पञ्च देव – गणेश, विष्णु, शिव, देवी,सूर्य!

पंच तत्त्व – पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश!

छह दर्शन – वैशेषिक, न्याय, सांख्य,योग, पूर्व मिसांसा, दक्षिण मिसांसा!

सप्त ऋषि – विश्वामित्र, जमदाग्नि, भरद्वाज, गौतम, अत्री, वशिष्ठ और कश्यप!

सप्त पूरी –अयोध्यापूरी,मथुरा पूरी, माया पूरी (हरिद्वार), काशी, कांची (शिन कांची – विष्णु कांची), अवंतिका और द्वारिका पूरी!

आठ योग – यम, नियम, आसन,प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान एवं समाधी !

आठ लक्ष्मी – आग्घ, विद्या, सौभाग्य, अमृत, काम, सत्य, भोग एवं योग लक्ष्मी!

नव दुर्गा –शैल पुत्री, ब्रह्मचारिणी,चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी एवं सिद्धिदात्री!

दस दिशाएं – पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, इशान, नेऋत्य, वायव्य, अग्नि, आकाश एवं पाताल!

मुख्य 11 अवतार – मत्स्य, कच्छप, वराह,नरसिंह, वामन, परशुराम,श्री राम, कृष्ण, बलराम, बुद्ध, एवं कल्कि!

बारह मास – चेत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, अषाढ, श्रावण, भाद्रपद, अश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ, फागुन!

बारह राशी – मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ, कन्या।

बारह ज्योतिर्लिंग – सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकाल, ओमकारेश्वर, बैजनाथ, रामेश्वरम, विश्वनाथ, त्र्यंबकेश्वर, केदारनाथ, घुष्नेश्वर,भीमाशंकर, नागेश्वर।

पंद्रह तिथियां– प्रतिपदा,द्वितीय, तृतीय, चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी, सप्तमी, अष्टमी, नवमी,दशमी, एकादशी, द्वादशी, त्रयोदशी, चतुर्दशी, पूर्णिमा, अमावष्या!

19 स्मृतियां – मनु, विष्णु, अत्री, हारीत, याज्ञवल्क्य, उशना, अंगीरा, यम, आपस्तम्ब, सर्वत, कात्यायन, ब्रहस्पति, पराशर, व्यास, शांख्य, लिखित, दक्ष, शातातप, वशिष्ठ!

मंगलवार व शनिवार को करें इन मंत्रों का जाप हनुमानजी करेंगे हर समस्या का समाधान

मंगलवार और शनिवार को रामभक्त हनुमान जी की पूजा की जाती है। इन दोनों दिन हनुमान जी का व्रत व पाठ करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। सुंदरकांड का पाठ करके हनुमान जी को प्रसन्न किया जा सकता है। यदि मंगलवार के दिन व्रत किया जाए तो मंगल दोष से भी मुक्ति मिलती है। यहां कुछ मंत्रों के बारे में बताया गया है जिनके जाप मात्र से व्यक्ति की विवाह, विद्या व रोग संबंधी सभी समस्याओं का हल हो जाता है।

इस मंत्र का जाप करने से विद्यार्थियों की बल बुद्धि में बढ़ौत्तरी होती है।

बुद्धिहीन तनु जान के सुमिरो पवन कुमार
बल बुद्धि विद्या देहु मोहिं हरहु कलेश विकार।

व्यक्ति को किसी प्रकार की पीड़ा या रोग है तो मंगलवार या शनिवार के दिन इस मंत्र के जाप मात्र से निवारण हो जाएगा।

हनुमान अंगद रन गाजे हांक, सुनत रजनीचर भाजे।

लड़की या लड़के के विवाह में विलंब हो रहा है तो किसी भी मंगलवार या शनिवार के दिन इस मंत्र का जाप करें। इससे विवाह शीघ्र होने के योग बनते हैं।

मास दिवस महुं नाथु न भावा, तो पुनि मोहि जिअत नहि पावा।

घर में सुख शांति के लिए आजमाए ये सरल उपाय

हर इंसान चाहता है कि मेरे घर में सुख–शांति हमेशा बनी रही। लोग बहुत परेशान होते हुए भी कुछ नहीं समझ पाते की हमें अब क्या करना चाहिए। खबर यह है कि गृहस्थ व्यक्ति हमेशा कामना करता है कि उसके घर मे शांति हो, लेकिन उसके प्रयासों के बाद भी कोई न कोई बात ऐसी हो जाती है, जो उसके मन को अशांत कर देती है ऐसे में उसके कारणों की खोज परोक्ष रूप में करनी चाहिए। लहसुन की गांठ घर में रखने से सर्प कभी घर में प्रवेश नहीं करता। जो व्यक्ति यह समझता है कि घर के लोग उसकी बात को गंभीरता से नहीं लेते, जबकि वह हमेशा उसकी बात को गंभीरता से नहीं लेते, जबकि वह हमेशा सही होता है। ऐसे व्यक्ति को नियमित रूप से जल में थोड़ा–सा गुड मिलाकर निम्मलिखित मंत्र के साथ सूर्य को अर्घ्य देना चाहिए। यदि आपके घर में प्रतिदिन कभी भी किसी भी चीज की संपन्नता स्थिर नहीं रह पाती है तो अपने घर में महालक्ष्मी शंख को रखें, शाम में यंत्र को एकटक निहारते हुए श्रीं श्रीयेयै नम: का नियमित जप करें। जितनी अधिक संख्या में कर सकते हैं, उतना ही अच्छा है। यदि आपके घर में प्रतिदिन कोई न कोई मुसीबत आती है और आपको लगात है कि कोई आप पर तंत्र–मंत्र करवाता है तो आप किसी भी शुक्लपक्ष के सोमवार को नवदुर्गा यंत्र को घर के मुख्य द्वार पर लगाकर रोज 21 बार ऊँ ह्रीं दुर्गायै नम: का नियमित जप करें। गीता के 11वें अध्याय के 36वें श्लोक को गत्ते पर लाल स्याही से लिखकर टांग देने से घर की समस्त बाधाएं दूर हो जाती हैं। जिस घर में नियमित रूप से अथवा प्रत्येक शुक्रवार को श्रीसूक्त या श्रीलक्ष्मी सूक्त पाठ होता है। उस घर में सदा लक्ष्मी का वास होता है।

गाय कैसे और क्यों करती है वास्तु दोषों का निवारण

वास्तु के अनुसार अगर भवन, घर का निर्माण करना हो यदि वहां पर बछड़े वाली गाय को लाकर बांधा जाए तो वहां संभावित वास्तु दोषों का स्वत: निवारण हो जाता है। वह कार्य निर्विघ्न पूरा होता है और समापन तक आर्थिक बाधाएं नहीं आतीं। गाय के रूप में पृथ्वी की करुण पुकार और विष्णु से अवतार के लिए निवेदन के प्रसंग बहुत प्रसिद्ध हैं। 'समरांगण सूत्रधार' जैसा प्रसिद्ध वृहद् वास्तु ग्रंथ गो रूप में पृथ्वी–ब्रह्दि के समागम–संवाद से ही आरंभ होता है। वास्तुग्रंथ 'मयमतम' में कहा गया है कि भवन निर्माण का शुभारंभ करने से पूर्व उस भूमि पर ऐसी गाय को लाकर बांधना चाहिए जो सवत्सा या बछड़े वाली हो। शास्त्रों में लिखा हैं की जब नवजात बछड़े को जब गाय दुलारकर चाटती है तो उसका फेन भूमि पर गिरकर उसे पवित्र बनाता है और वहां होने वाले समस्त दोषों का निवारण हो जाता है। यही मान्यता वास्तुप्रदीप, अपराजितपृच्छा आदि में भी आई है। महाभारत के अनुशासन पर्व में कहा गया है कि गाय जहां बैठकर निर्भयतापूर्वक सांस लेती है, उस स्थान के सारे पापों को खींच लेती है–

निविष्टं गोकुलं यत्र श्वांस मुंचति निर्भयम।
विराजयति तं देशं पापं चास्याप कर्षति॥

यह भी कहा गया है कि जिस घर में गाय की सेवा हो, वहां पुत्र–पौत्र, धन, विद्या, सुखादि जो भी चाहिए, मिल सकता है। यही मान्यता अत्रिसंहिता में भी आई है। अत्रि ने तो यह भी कहा है कि जिस घर में सवत्सा धेनु नहीं हो, उसका मंगल–मांगल्य कैसे होगा?

गाय का घर में पालन करना बहुत लाभकारी है। ऐसे घरों में सर्वबाधाओं और विघ्नों का निवारण हो जाता है। जिस घर में गाय रहती है उसमें रहने वाले बच्चों में भय नहीं रहता। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जब श्रीकृष्ण पूतना के दुग्धपान से डर गए तो नंद दंपती ने गाय की पूंछ घुमाकर उनकी नजर उतारी और भय का निवारण किया। सवत्सा गाय के शकुन लेकर जाने से कार्य सिद्ध होता है। पद्मपुराण, और कूर्मपुराण में कहा गया है कि कभी गाय को लांघकर नहीं जाना चाहिए। किसी भी साक्षात्कार, उच्च अधिकारी से भेंट आदि के लिए जाते समय गाय के रंभाने की ध्वनि कान में पड़ना शुभ है। संतान लाभ के लिए घर में गाय की सेवा अच्छा उपाय कहा गया है। शिवपुराण व स्कंदपुराण में कहा गया है कि गो सेवा और गोदान से यम का भय नहीं रहता। गाय के पांव की धूली का भी अपना महत्व है। यह पाप विनाशक है, ऐसा गरुड़पुराण और पद्मपुराण का मत है।

क्लेशों से मुक्ति दिलाता विश्रांति घाट

श्री कृष्ण ने स्नान कर किया था विश्राम

ततो विश्रांति तीर्थाख्यं तीर्थमहो विनाशनम। संसारमरू संचार क्लेश विश्रांतिदं नृणाम।

संसार रूपी मरूभूमि में भटकते हुए, त्रितापों से पीड़ित हर तरह से निराश्रित, विविध क्लेशों से क्लांत होकर जीव श्री कृष्ण के इस महातीर्थ में स्नान कर विश्राम अनुभव करता है इसलिए इस तीर्थ का नाम विश्रांति या विश्राम घाट है। विश्राम घाट की संरचना दो–मंजिली है। इसे बनाने के लिए लखोरी ईंट व चूने, लाल एवं बलुआ पत्थर का इस्तेमाल किया गया है। घाट को बुर्ज व खंभों पर बने अर्द्ध–गोलाकार, कांटेदार मेहराबों से सुसज्जित किया गया है। घाट का मध्य क्षेत्र खिले हुए आकर्षक रंगों से सजा हुआ है। यह तीन तरफ से मठों से घिरा हुआ है व चौथी तरफ सीढियां नदी में उतर रही हैं। मध्य क्षेत्र में संगमरमर से निर्मित श्री कृष्ण व बलराम की मूर्तियां नदी की ओर मुख करके स्थापित हैं। मूर्तियों के सामने पांच विभिन्न आकार के मेहराब हैं। बीच का मेहराब पत्थर के कुर्सी आधार व पत्थर के छोटे स्तंभ से निर्मित आयताकार है, जबकि नदी की तरफ वाले मेहराब ऊपरी मंजिल का सहारा लेकर छतरी की आकृति बनाते हैं। यहां अनेक संतों ने तपस्या की एवं अपना विश्राम स्थल बनाया। उक्त घाट पर भारत के धर्मभीरू राजाओं ने तुलादान (एक पलड़े में स्वयं व दूसरे में अपने वजन के सोना–चांदी जवाहरात) किए थे। तुला को लटकाने के मेहराब आज भी लगे हैं। विश्राम घाट के उत्तर में 12 और दक्षिण में 12 घाट हैं। दक्षिण दिशा के घाटों पर समाधियां जिनमें शंकरजी के मंदिर हैं। ये समाधियां सिंधिया परिवार से संबंधित हैं। देखभाल के अभाव में उक्त समाधियां जीर्ण–शीर्ण अवस्था में पहुंच गई हैं। उत्तर दिशा के घाटों में गणेशतीर्थ घाट है, चक्रतीर्थ, कृष्णगंगा, स्वामीघाट, असिकुंड तीर्थ आदि हैं। जब शिवाजी महाराज आगरा किले से औरंगजेब की कैद से निकले तब मां जगदंबा (महाविद्या) की पूजा–अर्चना करके स्वर्ण छत्र चढ़ाया। तत्पश्चात गणेशजी का पूजन कर सीधे महाराष्ट्र के प्रतापगढ़ के लिए प्रस्थान किया। गणेशजी व मां जगदंबा के मंदिर आज भी उक्त स्थलों पर हैं। भगवान श्री कृष्ण ने कंस का वध कर इस स्थान पर विश्राम किया था इसलिए यहां की महिमा अपरंपार है। कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने महाबलशाली कंस को मारकर ध्रुव घाट पर उसका अंत्येष्टि संस्कार करवाकर बंधु–बांधवों के साथ यमुना के इस पवित्र घाट पर स्नान कर विश्राम किया था। किंतु भगवान से भूले–भटके जन्म–मृत्यु के अनंत, अथाह सागर में डूबते–उबरते हुए क्लांत जीवों के लिए यह अवश्य ही विश्राम का स्थान है।



अब ब्रिटेन में सख्ती से कसे जाएं खालिस्तानी

ब्रिटेन के हालिया चुनावों में लेबर पार्टी की महत्वपूर्ण जीत से साबित हो गया कि ब्रिटेन की राजनीति में भारतीय प्रवासी समाज की भूमिका बेहद खास है। ब्रिटेन के चुनाव परिणाम यह बताते हैं कि वहां की राजनीति में भारतीय प्रवासियों की ताकत बढ़ती ही जा रही है। निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सहित 26 भारतीय मूल के नेता नई संसद के लिए चुने गये हैं। सुनक ने उत्तरी इंग्लैंड में रिचमंड एवं नॉर्थलेरटन सीट पर 23,059 वोट के अंतर के साथ दोबारा जीत हासिल की। सुनक की पार्टी की शिवानी राजा ने लीसेस्टर ईस्ट की सीट जीत ली है। लीसेस्टर ईस्ट में लड़ाई में कई दिग्गज शामिल थे, जिनमें पूर्व सांसद क्लाउड वेबे और कीथ वाज शामिल थे, जिन्होंने निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा था। कीथ वाज भी भारतीय मूल के ही हैं। वे पहले भी संसद के सदस्य रहे हैं। शिवानी राजा शिक्षा की दुनिया से जुड़ी हुई हैं। वो लंबे समय से कंजरवेटिव पार्टी की एक्टिविस्ट हैं। भारत में जन्मे कनिष्क नारायण पूर्व वेल्श की सीट से जीत गए हैं। वे भी कंजरवेटिव पार्टी के उम्मीदवार थे। बिहार के मुजफ्फरपुर के मूल निवासी कनिष्क नारायण 12 साल की उम्र में ब्रिटेन गए थे। उन्होंने ऑक्सफोर्ड और फिर स्टैनफोर्ड में पढ़ाई की। भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन ने फेयरहैम और वाटरलूविल सीट जीती है। उनके पिता गोवा के और मां तमिल मूल की हैं। पंजाबी हिन्दू परिवार से संबंध रखने वाले गगन मोहिन्दर फिर से साउथ-वेस्ट हर्टफोर्डशायर सीट से चुनाव जीत गए हैं। निवर्तमान संसद के सदस्य नवेंदु मिश्र लेबर पार्टी की टिकट पर स्टॉकपोर्ट सीट से कामयाब रहे हैं। वो मूल रूप से कानपुर से हैं। ब्रिटेन की निवर्तमान संसद में भी 15 भारतीय मूल के सांसद थे। ब्रिटेन के आम चुनाव 2024 में, कुल 107 ब्रिटिश-भारतीय उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे। भारत-ब्रिटेन संबंधों के देखा जाए तो इसके प्रमुख रूप से पांच आयाम हैं। ब्रिटेन भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश है। जबकि भारत भी ब्रिटेन में नई परियोजनाएं शुरू करने के मामले में तीसरा सबसे बड़ा देश है। भारत के लिए ब्रिटेन एक महत्वपूर्ण आयातक देश है। हालांकि यह भारत को बहुत बड़ी मात्रा में निर्यात भी करता रहा है। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में भारतीय कंपनियों की भी अहम भूमिका है। भारतीयों की स्वामित्व वाली 700 से ज्यादा कंपनियों ने ब्रिटेन में 1 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया हुआ है। टाटा ग्रुप की ही कंपनियों ने ब्रिटेन में हजारों लोगों को रोजगार दिया हुआ है। वहां हिन्दुजा, लक्ष्मी मित्तल, स्वराज पॉल जैसे बहुत सारे बड़े उद्योगपति स्थायी रूप से रहकर ही देश-विदेश में अपना काम कर रहे हैं। इसके अलावा, भारत के हजारों छात्र ब्रिटेन में पढ़ाई करने भी हर साल जाते हैं। हां, भारत के युवाओं में अमरीका, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी में पढ़ाई, नौकरी या निवेश करने का चलन भी बढ़ रहा है। भारत और ब्रिटेन के बीच 200 साल से भी अधिक का पुराना संबंध है। दोनों ही देश सांस्कृतिक संस्थानों और अंग्रेजी से माध्यम से जुड़े हैं। दोनों देशों के आपसी संबंधों को मजबूत रखने में ब्रिटेन में रहने वाले करीब 15 लाख प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका है। ये प्रवासी भारतीय न केवल ब्रिटेन और भारत के बीच एक मजबूत पुल का काम कर रहे हैं, बल्कि, इन्होंने भारत की संस्कृति से ब्रिटेन को संपन्न भी किया है। प्रवासी भारतीय ब्रिटेन में हर क्षेत्र में प्रभावशाली रूप से मौजूद है। अब चाहे वो व्यापार, राजनीति, खेल का क्षेत्र हो या कोई और, इन्होंने सभी क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है। भारत को ब्रिटेन की नई सरकार से यह भी यही उम्मीद रहेगी कि पिछले साल भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले के लिए जिम्मेदार तत्वों पर अब कठोर एक्शन लिया जाये। ऋषि सुनक सरकार ने भी खालिस्तान समर्थक संगठनों पर चाबुक चलानी शुरू कर दी थी। ये संगठन ब्रिटेन में बैठकर भारत के खिलाफ आतंकवाद या नफरत की आग फैलाने की साजिश में लगे हुए हैं। इन संगठनों में इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन, खालसा टेलीविजन लिमिटेड, खालिस्तानी टेलीविजन चैनल वगैरह शामिल हैं। ब्रिटेन में खालिस्तानी फंडिंग नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए बनाई गई स्पेशल टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के 300 से ज्यादा बैंक खाते जब्त कर 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जब्त की है। भारत- ब्रिटेन संबंधों में बेहतरी तब ही कायदे से आएगी, जब वहां खालिस्तानी समर्थक कसे जाएंगे। अब भारत-ब्रिटेन का यह लक्ष्य रहेगा कि दोनों देश व्यापार, प्रौद्योगिकी और सुरक्षा में सहयोग बढ़ाएं। पिछली 4 जुलाई को ब्रिटेन में हुए संसदीय चुनावों के परिणाम व्यापक रूप से अपेक्षित थे। किएर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी को 34 फीसद वोटों के साथ हाउस ऑफ कॉमन्स में 650 सीटों में से 410 सीटों पर जीत मिली। वे अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनकी भी भारतीय सनातनी परम्पराओं में गहरी आस्था है और वे नियमित रूप से हिन्दू मंदिरों में जाते रहे हैं। हालिया चुनाव परिणाम भारत- ब्रिटेन संबंधों के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों ही प्रस्तुत करते हैं, जो पिछले दो दशकों में लगातार मजबूत होते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर से बात की और उन्हें पीएम चुने जाने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने विगत शनिवार को ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री से बात करते हुए उन्हें लेबर पार्टी की उल्लेखनीय जीत पर बधाई दी। बातचीत में दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री को मोदी जी ने भारत आने का निमंत्रण भी दिया।

भारतीय संस्कृति और मर्यादा का अंतस

ANALYSIS

हृदयनारायण दीक्षित

सारांशतः भारत के बुद्धि विवेक और ज्ञान प्रज्ञान का सर्वोत्तम संस्कृति है। राष्ट्र के सभी अंगभूत घटक एक स्वर, एक लय, एक प्रीति, एक छंद और एक रस समरस स्पंदित होकर अपनी संस्कृति गढ़ते हैं। संस्कृति भारत के लोगों के दर्शन, भाषा, धर्म, कला, आशा, संवेदना, अनुभूति, प्रीति, धीरज, साहस संयम और मर्यादा का अंतस है। भारतीय संस्कृति हजारों वर्ष की तपसाधना का सृजन है। मार्शल ने लिखा है, "अनेक प्रमाणों में भारत में एक अत्यंत विकसित संस्कृति की उपस्थिति का पता चलता है। इसके पीछे अवश्य ही भारत की धरती का लंबा इतिहास होना चाहिए।" ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन शब्द प्रमाण है। प्राचीन समाज का विज्ञान है और तत्कालीन समाज की संस्कृति का दर्पण है। वैदिक साहित्य में सामाजिक संगठन के स्वर्ण सूत्र हैं। यहां दर्शनशास्त्र है। विज्ञान है। योग और भौतिक विज्ञान है।

प्रत्यक्ष पर्यावरण प्रकृति की संरचना है। भारत के प्राचीनकाल में भी प्राकृतिक पर्यावरण की उपस्थिति मनमोहक थी। प्रकृति को देखते, उसके विषय में सोचते और सुनते मनुष्य ने भी सृजन कर्म में जाने अनजाने भागीदारी की। आज का भारत हमारे पूर्वजों, अग्रजों के सचेत कर्मों का परिणाम है। मनुष्य द्वारा किए गए सुंदर सत्कर्म संस्कृति हैं। प्रकृति स्वाभाविक है। लेकिन संस्कृति मनुष्य की रचना है। संक्षेप में विश्व के प्रत्येक जीव की लोकमंगल कामना और उसके लिए किए गए कर्म संस्कृति है। संस्कृति किसी एक व्यक्ति या समूह के कर्मफल का परिणाम नहीं होती। भारतीय संस्कृति के विकास में विज्ञान और दर्शन की महत्ता है। कोई अंधविश्वास नहीं। रूप, रस, गंध, शब्द और स्पर्श प्रत्यक्ष इंद्रिय बोध के हिस्से हैं। पूर्वजों की 'मंगल भवन अमंगल हारी" कर्मठ चेतना से संस्कृति का विकास हुआ। सारांशतः भारत के बुद्धि विवेक और ज्ञान प्रज्ञान का सर्वोत्तम संस्कृति है। राष्ट्र के सभी अंगभूत घटक एक स्वर, एक लय, एक प्रीति, एक छंद और एक रस समरस स्पंदित होकर अपनी संस्कृति गढ़ते हैं। संस्कृति भारत के लोगों के दर्शन, भाषा, धर्म, कला, आशा, संवेदना, अनुभूति, प्रीति, धीरज, साहस संयम और मयार्दा का अंतस है। भारतीय संस्कृति हजारों वर्ष की तपसाधना का सृजन है। मार्शल ने लिखा है, "अनेक प्रमाणों में भारत में एक अत्यंत विकसित संस्कृति की उपस्थिति का पता चलता है। इसके पीछे अवश्य ही भारत की धरती का लंबा इतिहास होना चाहिए।" ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन शब्द प्रमाण है। प्राचीन समाज का विज्ञान है और तत्कालीन समाज की संस्कृति का

दर्पण है। वैदिक साहित्य में सामाजिक संगठन के स्वर्ण सूत्र हैं। यहां दर्शनशास्त्र है। विज्ञान है। योग और भौतिक विज्ञान है। प्राचीन इतिहास में इस भूखंड की आस्था जैसा प्रश्नाकुल दर्शन अन्यत्र नहीं मिलता। यहां आस्था और वैज्ञानिक विवेक साथ-साथ चलते हैं। हिन्दू धर्म में एक साथ तर्क और प्रतिप्रश्न दिखाई पड़ते हैं। यहां धर्म का विकास हुआ है। यह इतिहास बड़ा मजेदार है। पहले प्रकृति का अध्ययन, विवेचन और विश्लेषण। फिर प्रकृति की शक्तियों का आदर। इन्हें देवता कहा गया। प्रकृति में नियमबद्धता देखी गई। वैदिक ऋषियों ने इस नियमबद्धता को मनुष्य के जीवन के लिए मार्गदर्शी व प्रेरक बताया। भारत में इसी सबसे विश्वप्रिय दृष्टिकोण का विकास हुआ। कौटिल्य ने दार्शनिक दृष्टिकोण अपनाकर दुनिया का पहला अर्थशास्त्र लिखा। इसी तरह अभिनय कला के सभी सरोकारों को समझते हुए भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र लिखा। चरक ने चरक संहिता और पाणिनि की अष्टाध्यायी और पतंजलि का योगसूत्र हिन्दुओं की ओर से सारी दुनिया के लिए पुरस्कार है। ब्रिटिश सत्ता के दौरान यूरोपीय सभ्यता को श्रेष्ठ और भारतीय संस्कृति को छोटा और हेय बनाने का प्रयास किया गया है। पंडित नेहरू भी यूरोप की संस्कृति से प्रभावित थे। उन्होंने रामधारी सिंह 'दिनकर' की पुस्तक 'संस्कृति के चार अध्याय' की भूमिका में लिखा, "जब पश्चिम के लोग समुद्र पार से यहां आए, तब भारत के द्वार दरवाजे एक खास दिशा की ओर खुल गए। आधुनिक औद्योगिक सभ्यता बिना किसी शोरगुल के इस देश में प्रवेश कर गई। नए विचारों और नए भावों का हम पर हमला हुआ और भारतीय बुद्धिजीवी अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचने का अभ्यास करने लगे।" इस वक्तव्य के अनुसार भारतीय बुद्धिजीवियों द्वारा अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचना खास प्रतिष्ठा है। अंग्रेज बुद्धिजीवियों के हित साम्राज्यवादी थे। उनके लक्ष्य ईसाईयत के प्रचार से जुड़े थे। सभ्यता इकहरी नहीं होती। प्रत्येक सभ्यता का एक दर्शन होता है। एक उद्देश्य होता है। स्वयं को प्रकट करने की अपनी शैली होती है। यह सारी बातें हिन्दू धर्म और परंपरा में पहले से मजबूत रही हैं। लेकिन नेहरू और उनसे प्रभावित बुद्धिजीवी यूरोप से वैचारिक आयात कर रहे थे। इसलिए इतिहास के अनेक प्रश्न महत्वपूर्ण हैं। हिन्दू इतिहास संकलन की शैली यूरोपीय इतिहास संकलन से भिन्न है। भारतीय बुद्धिजीवियों ने महाकाव्यों, पुराणों और वैदिक साहित्य के रूप में भारत की सभ्यता और संस्कृति की नीव मजबूत की थी। लेकिन प्राचीन भारत में यूरोपीय ढंग से इतिहास का संकलन नहीं हुआ। अंग्रेजों ने अपनी सत्ता चलाने के लिए भारत के सम्यक अध्ययन को जरूरी पाया। ब्रिटिश विद्वानों ने इतिहास की यूरोपीय शैली को अपनाते हुए भारतीय इतिहास का विवेचन किया। मार्क्सवादी विद्वान रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय" (पृष्ठ 6) में लिखा है, "ब्रिटेन वालों ने जब यहां शासन कायम किया तब उन्हें औपनिवेशिक प्रशासन के हित में इसकी आवश्यकता प्रतीत हुई। जब 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आए, तब शासकों को हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था करने में कठिनाई का अनुभव हुआ। अतः 1776 में सबसे अधिक प्रामाणिक मानी जाने वाली मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद 'ए कोड ऑफ जेंटू लॉज' के नाम से कराया गया।" यह सब बातें मार्क्सवादी विद्वान की हैं। 1784 में कोलकाता में 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' की स्थापना विलियम जोन्स ने की। उन्होंने 'अभिज्ञान शाकुंतलम' नाटक का अंग्रेजी में अनुवाद किया। इसी समय वर्ष 1785 में विलकंस ने भगवदगीता का अंग्रेजी में अनुवाद किया। ब्रिटिश सत्ताधीश भारत को ठीक से समझने में लगे थे। वस्तुतः भारत की सभी संस्थाओं को अंग्रेजीराज की मजबूती के लिए इस्तेमाल करने का काम उस समय के आधुनिक विद्वानों के द्वारा किया जा रहा था। रामशरण शर्मा ने लिखा है, "उन्हें महसूस हो गया कि जिन विदेशी लोगों पर उन्हें शासन करना है, उनके रीति-रिवाज और सामाजिक व्यवस्था का गहन ज्ञान प्राप्त करना होगा। क्रिश्चियन मिशनों के धर्म प्रचारकों ने भी हिन्दू धर्म की दुर्बलताओं को जानना आवश्यक समझा ताकि वे धर्म परिवर्तन करा सके और इसके द्वारा ब्रिटिश साम्राज्यवादियों को मजबूत बना सकें। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मैक्समूलर के संपादकतत्व में विशाल मात्रा में प्राचीन धर्म ग्रंथों का अनुवाद किया गया। ये अनुवाद 'सैकरेड बुक्स ऑफ द ईस्ट' सीरीज में 50 खंडों में प्रकाशित हुआ। भारतीय इतिहास और समाज के अध्ययन का इनका उद्देश्य ब्रिटिश सत्ता का समर्थन था। पाश्चात्य विद्वानों ने भारतीय इतिहास और समाज की संरचना के सम्बंध में कई भ्रामक नतीजे निकाले थे। उनके मत में प्राचीन भारत के लोगों को इतिहास का विशेषतया काल और क्रम का बोध नहीं था कि भारत के लोग स्वेच्छाकारी शासन के अभ्यस्त रहे।

लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।

'पार्किंसंस' के बीच सृजित हुआ 'पुष्कर के उद्गार'

"छह साल पहले, मेरा लंबे समय से चल रहा अवसाद एक मनोवैज्ञानिक अवसादग्रस्तता पार्किंसंन बीमारी में परिणत हो गया, जिससे मेरे पास बेहतर होने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। मैंने मूड स्टेबलाइजर लेना शुरू किया और नियमित रूप से एक चिकित्सक से मिला। भले ही यह अनुभव थका देने वाला रहा पर आज मैं पहले से कहीं ज्यादा स्थिर महसूस करता हूं। बीमारी गई नहीं है और शायद न ही कभी जीते जी जाएगी। ...क्योंकि इसका धरती पर कोई इलाज नहीं है।" यह कहना है हरियाणा के भिवानी के गांव बड़वा में जन्मे और आजकल हिसार के सेक्टर 16 -17 निवासी रिटायर्ड असिस्टेंट टाउन प्लानर (राजपत्रित अधिकारी) पुष्कर दत्त शर्मा की। उनका हाल ही में कविता संग्रह 'पुष्कर के उद्गार' छपा है। पुष्कर दत्त शर्मा को 2016 के दिसम्बर में दुनिया की इस भयंकर बीमारी के लक्षण आने शुरू हुए। शुरू में इनको दाएं पैर के अंगूठे में कम्पन का आभास हुआ। धीरे-धीरे उन्होंने अकेले चलने और कोई भी काम अकेले करने की क्षमता खो दी। देश-विदेश से इलाज लेने के बाद भी इस बीमारी का कोई इलाज नहीं मिला। आखिरकार इस बीमारी के साथ जीना जरूर सीख लिया। पार्किंसंस रोग एक मस्तिष्क विकार है, जो अनपेक्षित या अनियंत्रित गतिविधियों का कारण बनता है, जैसे कंपन, अकड़न, तथा संतुलन और समन्वय में कठिनाई। लक्षण आमतौर पर धीरे-धीरे शुरू होते हैं और समय के साथ बिगड़ते जाते हैं। जैसे-जैसे बीमारी बढ़ती है, लोगों को चलने और बोलने में कठिनाई हो सकती है। पुष्कर दत्त ने बताया कि " मुझे यह स्वीकार करने में जितना भी अरुचि हो, मेरी मानसिक बीमारी ऐसी चीज बन गई जिसका मैं फायदा उठा सकता था। अपने लक्षणों को विचित्रताओं में बदलकर, मैं अपनी मानसिक बीमारी की तीव्रता को उससे कहीं अधिक समय तक दबाने में कामयाब रहा जितना मुझे करना चाहिए था। जब आप गंभीर मानसिक बीमारी से उत्पन्न होने वाले हानिकारक दृष्टिकोणों को आंतरिक रूप से ग्रहण करते हैं, तो यह आपको अनोखा महसूस करा सकता है, और अनोखा महसूस करना लगभग उतना ही अच्छा है जितना कि खुश होना। बाहर न जाने की स्थिति में मैंने कुछ न कुछ लिखना शुरू कर दिया।" "यह दशार्ता है कि मैंने अवसाद के साथ अपने रिश्ते को बदल दिया है और एक नए व्यक्ति के रूप में विकसित हुआ हूं। पहचान को फिर से खोजना जितना डरावना है, यह प्रक्रिया मुक्तिदायक हो सकती है, जिससे आप एक उद्देश्य पा सकते हैं और अपनी क्षमता की खोज कर सकते हैं। यह आपकी अपनी इच्छाओं और जुनून पर विचार करने का अवसर है, बजाय इसके कि उनका उपयोग अनुपचारित मानसिक बीमारी से निपटने के लिए किया जाए। उदाहरण के लिए, मैं रचनात्मक लेखन में इसलिए आया क्योंकि मैं भावनात्मक रूप से खुद को शांत करना चाहता था। अब जब मेरी मानसिक ऊर्जा मानसिक बीमारी से जूझने में एकाधिकार नहीं रखती, तो मैं रचनात्मक लेखन में स्वस्थ तरीके से शामिल हो पाया हूं। मेरा लेखन वास्तव में बेहतर हो गया है।" वह कहते हैं, " लेकिन मेरे मानसिक स्वास्थ्य में पर्याप्त सुधार के साथ एक अजीबोगरीब दुष्प्रभाव भी आया- कम्पन। बेहतर होने पर, मुझे जल्दी ही पता चला कि मैंने अपने जीवन का इतना हिस्सा इस धारणा पर बनाया था कि मैं हमेशा दुखी रहूंगा। और जब खुशी कुछ हासिल करने लायक हो गई, तो मैंने जो पहचान को अपनी 'अजीब आदतों' के विकसित की थी, उसका इस बीमारी के चलते अर्थ खो गया। मुझे अपनी बीमारी से रिटायरमेंट के बाद इस तरह जूझना पड़ेगा कभी सोचा न था। मेरी इस पार्किंसन बीमारी के परिणाम कभी भी पूरी तरह से दूर नहीं होंगे- लक्षण भड़क सकते हैं और जीवन के बुरे दौर की यादें बनी रहेंगी। अपने मानसिक स्वास्थ्य को सक्रिय रूप से संबोधित करने का मतलब यह नहीं है कि मानसिक बीमारियों के साथ आपके अनुभव अब आपके व्यक्तित्व का हिस्सा नहीं हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मानसिक बीमारी अब आपके जीवन और स्वयं की धारणा को प्रभावित नहीं करती है। इसे स्वीकार करें। यह रास्ता मुश्किल हो सकता है, लेकिन यह ऐसी चुनौती नहीं है जिसका सामना आपको अकेले करना पड़े। किसी थेरेपिस्ट से बात करें। अपने दोस्तों और परिवार का सहारा लें। अपनी पहचान को अपनी 'अजीब आदतों' के बजाय अपने जुनून के इर्द-गिर्द फिर से आकार देना मेहनत के लायक है।" पुष्कर दत्त शर्मा जी ने बताया, "मैंने अपनी ड्यूटी के साथ-साथ इस बीमारी से लड़ते हुए 103 कविताओं की एक पुस्तक, जिसका नाम 'पुष्कर के उद्गार' लिखी, इसका विधिवत विमोचन होने के बाद यह पुस्तक निशुल्क वितरित की गई। यह पुस्तक मेरा प्रथम प्रयास है तथा यह विभिन्न विषयों पर लिखी गई है। पुस्तक में लगभग 20 कविताएं कोरोना से संबंधित हैं। इनमें लोगों को कोरोना से लड़ने के लिए मोटिवेट किया गया है। लेखन भी जारी है परंतु बीमारी मुझे हर प्रकार से घेर रही है। स्वास्थ्य खराब होने के बावजूद भी मैंने बीमारी के सामने कभी घुटने नहीं टेके हैं। सरकार से अनुरोध है कि इस बीमारी के रोकथाम के लिए तुरंत प्रभाव से वैक्सीन इत्यादि बनाकर लाखों मरीजों की परेशानी से मुक्ति दिलाए।"

Social Media Corner

सच के हक में...

खर्ची पूजा के अवसर पर सभी को, विशेषकर त्रिपुरा के लोगों को शुभकामनाएं! चतुर्दश देवता का दिव्य आशीर्वाद सदैव हम पर बना रहे, जिससे सभी को खुशी और अच्छा स्वास्थ्य मिले। यह सभी के जीवन को समृद्धि और सद्भाव से समृद्ध करे।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

श्री राज राजेश्वरी मां विंध्यवासिनी धाम में आदि महाशक्ति मां भगवती विंध्यवासिनी के दर्शन कर राज्यवासियों के स्वस्थ और सुखमय जीवन की कामना की। जय मां विंध्यवासिनी!

(सीएम हेमंत सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)

गिरिडीह के गांवा प्रखंड स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। महायज्ञ में परिक्रमा एवं पूजन अर्चन कर ईश्वर से समस्त प्रदेशवासियों के सुख-सौभाग्य, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

दिल्ली में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण जरूरी

वायु प्रदूषण के संदर्भ में हाल ही में जारी आंकड़े देश में भयावह स्थिति की तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। मौजूदा स्थिति के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 100 में से लगभग 12 लोगों की मौत खराब हवा के कारण होती है। एक रिपोर्ट में दिल्ली को विश्व का सबसे प्रदूषित शहर बताया गया था। पूरे वर्ष यहां की हवा खराब रहती है। सर्दी में समस्या और बढ़ जाती है। इस मसले पर अदालत से लेकर संसद तक चिंता जताई जा चुकी है। फिर भी स्थिति में सुधार नहीं है। ऐसा लगता है कि इस क्षेत्र में किसी ने कोई काम नहीं किया। जैसे ही सर्दी बढ़ेगी सरकारें एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति शुरू कर देंगी। वाराणसी में भी वायु प्रदूषण से होने वाली मौत 10 प्रतिशत से अधिक है। इसके अलावा भी तमाम ऐसे इलाके हैं जहां वायु प्रदूषण मानव जीवन पर भारी पड़ रहा है। देश के स्वच्छ वायु मानदंड डब्ल्यूएचओ के 15 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर के दिशा-निर्देश से चार गुना अधिक है। यह बेहद परेशान करने वाला आंकड़ा है। इसही वजह से वायु प्रदूषण के लिहाज से बेहतर माने जाने वाले शहरों में भी लोगों की जान जा रही है। मुंबई, कोलकाता बेंगलुरु और चेन्नई जैसे शहरों में हवा अपेक्षाकृत साफ रहती है, लेकिन इन शहरों में भी प्रदूषण से मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार हवा में पीएम 2.5 का स्तर डब्ल्यूएचओ के मानक से अधिक होने से यह नौबत आती है। अब तो मौसम के बदलते स्वरूप की वजह से ऐसी बीमारियां सामने आ रही हैं, जिनका नाम कभी सुना भी नहीं गया। साथ ही कम उम्र में मधुमेह, कैंसर व हार्ट अटैक जैसी बीमारियों ने हमें आईना दिखाना शुरू कर दिया है। आश्चर्य यह है कि इतना सब कुछ होने के बाद भी हम वैसे के वैसे हैं। सर्दियों के दिनों में कोर्ट भी दिल्ली को गैस चैम्बर तक घोषित कर देता है। पिछले कुछ वर्षों से दीपावली के बाद प्रदूषण बहुत परेशान करता है। आंखों में जलन होना, गले में खराश रहने के अलावा थोड़ी दूर का स्पष्ट दिखाई तक नहीं देता। बच्चों, बुजुर्गों व अस्थमा के मरीजों के लिए तो आफत आ जाती है। इस खतरनाक प्रदूषण की वजह से स्कूलों को बंद करना पड़ता है। हद यह है कि व्यवस्था तंत्र प्रणाली को भलि-भांति पता है कि लोगों का जीवन प्रदूषण की वजह से खत्म होता जा रहा है, लेकिन उनकी सक्रियता व गंभीरता का धरातल पर कोई असर न दिखना मानव जीवन को खत्म कर रहा है और इसके अलावा हम आने वाली पीढ़ी को अपने हाथों से मारने जैसा काम कर रहे हैं। प्रदूषण के मुद्दे पर सबकी सोच एक जैसी है पर सुधरना कोई नहीं चाहता। अब प्रदूषण फैलने के दूसरे पहलू की बात करें तो केंद्र व राज्य सरकारें पराली न जलाने के लिए किसानों को लगातार जागरूक करती हैं। पराली को नष्ट करने के लिए मुआवजे के अंतर्गत मशीनें भी देती हैं। करोड़ों का बजट भी पारित किया जाता है लेकिन किसान मशीन तक नहीं खरीदते। हरियाणा में इसके लिए तमाम आईएएस व आईपीएस की ड्यूटी भी लगाई गई पर परिणाम वही ढाक के तीन पात। दिल्ली-एनसीआर में अभी सर्दी नहीं पड़ी और अभी से ही हाल इतना बुरा है कि यहां सांस लेने में इस कदर तकलीफ हो रही हो जैसे कि किसी बड़ी फैक्टरी के अंदर दम घुटता है। यदि आज यहां के किसी भी स्वस्थ व्यक्ति की जांच कराई जाए तो निश्चित तौर पर उसको फेफड़ों से संबंधित बीमारी निकलेगी। इसका ताजा उदाहरण प्रदूषण के दिनों में देखने को मिलता है क्योंकि हॉस्पिटल में सांस से संबंधित मरीजों की संख्या ज्यादा होती है। डॉक्टरों के अनुसार प्रदूषण की मात्रा बढ़ने के कारण ऑक्सीजन कम हो जाता है जिस वजह से अस्थमा के मरीजों की मौत तक हो जाती है। इसके अलावा दीवाली के बाद जो प्रदूषण हमारी सांस में जाता है उससे पूरे शरीर का सिस्टम बेहद प्रभावित हो जाता है जिसमें लीवर में भी समस्या होने लगी व छोटे बच्चों के शरीर के विकास में भी प्रभाव पड़ने लगा।

जमानत और जेल

जब किसी को अदालत से जमानत मिलती है, तो कहा जाता है कि वह जमानत पर बाहर आ गए। मगर शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जो अंतरिम जमानत मिली है, उसे लेकर यह नहीं कहा जा सकता। बेशक सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें दिल्ली शराब-नीति मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में जमानत दे दी है, लेकिन सिर्फ इतने से ही उनकी जेल से रिहाई नहीं हो पाएगी। कुछ सप्ताह पहले भी उन्हें इसी मामले में ट्रायल कोर्ट ने जमानत दे दी थी, हालांकि हाईकोर्ट ने तब इस पर रोक लगा दी। प्रवर्तन निदेशालय, यानी ईडी के सामने यह तभी स्पष्ट हो गया था कि इस मामले में केजरीवाल को बहुत समय तक जेल में रखा जाना शायद संभव न हो। ठीक उसी समय एक दूसरी जांच एजेंसी ह्यसीबीआईह्ल आगे आई और उसने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दिल्ली की आबकारी नीति को लेकर एक मामला दर्ज किया और उन्हें औपचारिक रूप से अपनी हिरासत में ले लिया। बाद में उन्हें इस मामले में भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इसी के साथ यह भी तय हो गया कि अगर दिल्ली के मुख्यमंत्री एक मामले में जमानत हासिल करने में कामयाब भी रहे, तो दूसरा मामला उन्हें जेल से बाहर जाने से रोक देगा। शुक्रवार को यही हुआ और जमानत की खबर उनके लिए कोई राहत नहीं ला पाई। यह जरूर है कि इन मामलों पर जो राजनीति चल रही है, उनमें आम आदमी पार्टी को अपनी आक्रामकता दिखाने का एक और मौका मिल गया। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सिर्फ इतना ही नहीं हुआ। अरविंद केजरीवाल ने जो अर्जी सर्वोच्च अदालत में दाखिल की थी, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने उसे एक बड़ी पीठ के पास भेज दिया। इस याचिका में मुख्यमंत्री केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी और उसे गैर-कानूनी बताया था।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

A Jammu shift in Pakistani strategy

PRIME Minister Narendra Modi is likely to inaugurate the first train run from Reasi in Jammu region to Baramulla in Kashmir later this month, across the world's highest bridge over the Chenab river — a sight to send the spirits soaring — but the question is, will the PM's presence reassure the region's gnawing anxiety triggered by the recent spate of terror attacks south of the Pir Panjal?The last few weeks have reminded one of a blood-soaked metronome: Five soldiers killed in Kathua district on July 8. Eight persons, including six terrorists, killed in Kulgam on July 7. Three terrorists killed in Doda district on June 26. Nine pilgrims killed in Reasi district on June 9, the day PM Modi was being sworn in in Delhi.

